हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# तैयारीः सफाई के लिए तीन जोन में बंटेगा शहर, वार्डवार की जगह एकमुश्त ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले शहर सरकार में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों द्वारा संचालन को लेकर चर्चा में रहे सफाई ठेके के टेंडर में इस बार कई बदलाव किए जाने की तैयारी हो गई है। अब तक शहर में जहां वार्डवार सफाई का ठेका दिया जाता रहा है। इस बार इसमें बदलाव कर तीन जोन बांटकर ठेका दिया जाएगा। अब निगम के अफसर यह तय करेंगे कि किस वार्ड में किस दिन कितने कर्मचारियों की आवश्यकता है। इस हिसाब से ही कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। बताया गया कि अगले एक सप्ताह में टेंडर की नई प्रक्रिया शुरू भी कर दी जाएगी। हालांकि इस नए सिस्टम से उन नेताओं को दिक्कतें हो रही है, जो सफाई ठेके का टेंडर लेने की चाहत में बैठे हुए थे।

## नया सिस्टम ठेका लेने की चाहत में बैठे नेताओं को नहीं आ रहा पसंद, अंदरखाने विरोध भी

### ऐसे होती थी काली कमाई

अब तक सफाई का ठेका वार्डवार दिया जाता रहा है। इसमें ठेका लेने वाले ठेकेदार जमकर मनमानी करते आए हैं, जिस वार्ड में 15 कर्मचारियों से सफाई होनी है, वहां पर ठेकेदार 7 से 8 कर्मचारियों की ही तैनाती करता है। शेष 6 से 7 कर्मचारियों का फर्जी हाजिरी लगाकर काली कमाई की जाती है। हर महीने एक वार्ड में 40 से 70 हजार रुपए तक कमाई इस तरह से होती है, लेकिन अब नए पैटर्न से ठेका होने के बाद निगम ही यह तय करेगा कि कितने कर्मी कौन से वार्ड में सफाई करेंगे। इससे रोजाना हाजिरी में होने वाली गड़बड़ी को बहुत हद तक रोका जा सकेगा।



### हर महीने 70 लाख से अधिक खर्च

शहर के सभी 51 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। नियमित और प्लेसमेंट मिलाकर लगभग 285 कर्मचारी पहले ही हैं। इस लिहाज से हर वार्ड के लिए 5 सफाई कर्मचारी पहले ही मौजूद हैं, इन्हें औसत 40 लाख रुपए का वेतन हर माह जारी हो रहा। शहर की नालियों और नालों की सफाई के लिए अलग गैंग मौजूद है। इसके अतिरिक्त इन 27 वार्डों के चौराहों और सड़कों में झाड़ू लगवाने 30 लाख हर माह खर्च होंगे। मतलब शहर की सफाई के लिए निगम हर महीने 70 लाख रुपए से अधिक खर्च कर रहा है, फिर भी शहर में सफाई की स्थिति बदहाल बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि शहर के 51 वार्ड में से 27 वार्ड के सफाई का जिम्मा ठेके पर दिया जाता रहा है। हर महीने 30 लाख रुपए का खर्च निगम इन ठेकों के पीछे करता है। निगम से जुड़े जनप्रतिनिधियों में भी सफाई ठेका अहम विषय होता है। हर महीने हजारों रुपए की कमाई के लिए यह जनप्रतिनिधि ही महिला समूहों की आड़ में ठेके का संचालन करते आए हैं। पिछली शहर सरकार में सफाई ठेके के नेताओं को बांट दिए जाने के कारण ही काफी सवाल भी खड़े हुए थे। निगम से जुड़े नेताओं के ही संचालन करने के चलते शिकायत पर निगम के अफसर भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे थे। यही कारण है कि इस बार शहर में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए निगम नए तरीके से सफाई का ठेका देने की तैयारी में है।

## सभी स्कूलों को आज शाम तक जवाब देने की मोहलत

# एक्शन में शिक्षा महकमाः बोर्ड में खराब प्रदर्शन करने वाले 69 स्कूलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। जिले का प्रदर्शन इस बार उम्मीद से कमजोर रहा है। प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले से कोई भी नाम शामिल नहीं है। हालत यह है कि कई स्कूलों में ढ़ेरों संख्या में बच्चे फेल हो गए हैं। ऐसे में अब कमजोर प्रदर्शन करने वाले सरकारी स्कूलों के खिलाफ एक्शन की तैयारी कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में ऐसे 69 स्कूलों को नोटिस जारी किया है, जहां परिणाम 70 फीसदी से कम रहा है। इन स्कूलों को नोटिस जारी कर 16 मई से पहले कमजोर प्रदर्शन की वजह सहित जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। असंतुष्ट जवाब मिलने पर उन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि पिछले साल प्रदेश स्तर पर भी शिक्षा विभाग ने इस फार्मूले के तहत ही कार्रवाई का काम किया था। उस दौरान प्रदेश स्तर से ही कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों की जिलेवार सूची जारी की गई थी। इस बार भी इसी प्लान के तहत कार्रवाई की तैयारी जिला शिक्षा विभाग ने कर ली है।




### विषयवार होगी सभी स्कूलों में समीक्षा

जारी नोटिस में साफतौर पर शाला अध्यक्षों को कहा गया है कि आपके स्कूलों में 10वीं एवं 12वीं में कमजोर प्रदर्शन पर जिम्मेदारी तय की जाए। विषयवार समीक्षा करने के बाद उन विषय के शिक्षकों की जानकारी भी जिला शिक्षा विभाग को भेजने कहा गया है। इसके साथ ही कमजोर प्रदर्शन के पीछे का उचित कारण बताने कहा गया है। कारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी स्कूलों को 16 मई तक जवाब देने के लिए समय दिया गया है।

### कई प्रयोग के बाद भी प्रदर्शन कमजोर

ज्ञात हो कि जिला शिक्षा विभाग ने इस बार बोर्ड कक्षाओं का परिणाम बेहतर करने के लिए कई नए प्रयोग भी किए थे। जिला सहित ब्लॉक स्तर पर अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर होनहार विद्यार्थियों को पढ़ाया गया। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से प्रश्न बैंक भी बोर्ड कक्षा को लेकर तैयार किया गया था, लेकिन इन सभी प्रयासों के बाद भी जिले के सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं देखने को मिला है। यही कारण है कि जिला शिक्षा विभाग एक्शन के मोड में आ गया है।

### 12वीं में 31 स्कूलों का प्रदर्शन खराब

कक्षा 12वीं बोर्ड में जिले की छुरिया पीएम श्री, खुज्जी, सुंदरा, तेलीबांधा, बसंतपुर, गोडलवाही, बादराटोला, पीएम श्री सर्वेश्वरदास स्कूल राजनांदगांव, गेंदाटोला, कन्या हाईस्कूल डोंगरगांव, कुमर्दा, आसरा, तुमड़ीबोड़, अंडी, हालेकोसा, स्टेशन मुढ़ीपार, करमरी, बोरतलाव, आतरगांव, बालक स्कूल डोंगरगांव, घुमका, चांदो, छुरिया डोंगरी, महरूम, मड़ियान, बखरूटोला, घोटिया, मोहारा, विचारपुर नवागांव, खोबा, रामटोला सरकारी स्कूल को नोटिस जारी की गई है।

### 10वीं बोर्ड में 69 को नोटिस

कक्षा 10वीं बोर्ड में आरगांव, मोरकुटम, परमालकसा, भेड़ीकला, खैरा, बरनालाकला किरगी, स्टेशन मुढ़ीपार, सुरगी, देवकट्टा, रामतरई, घुमका, उपरवाह, कोकपुर, कुहीखुर्द, आमगांव, बुद्धुभरदा, सुकुलदैहान आत्मानंद स्कूल, चांदो, माड़ीतरई, शिकारीमहका, सलोनी, छुरिया डोंगरी, चिचोला, बखरूटोला, बादराटोला की दो स्कूलें, मनेरी, मड़ियान, टेडेसरा, गिदर्री, कन्हारपुरी, बूचाटोला, ठाकुर प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव, सेंदरी, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल, एलबी नगर, धौराभाठा, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल डोंगरगढ़, आतरगांव, सांकरा, चिरारीकला, धनगांव, भाठागांव, तुर्रेगढ़, रामटोला, छुरिया, मोहारा, बधियाटोला, जरवाही, हालेकोसा, सोनेसरार, पेंड्री, भोलापुर, जोशीलमती, हरदी, सोमनी, बेंदाड़ी, सुंदरा, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल राजनांदगांव, तुमड़ीबोड़, बिलहरी, अर्जुनी, भानपुरी, आसरा, गेंदाटोला, बालक हायर सेकंडरी स्कूल डोंगरगांव, रामपुर एवं घोटिया स्कूल का परीक्षा परिणाम खराब आया है।

# कम भुगतान का विरोध, गोदाम के बाहर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रायपुर नाका के समीप स्थित एफसीआई गोदाम के मजदूरों ने आज अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर गोदाम के बाहर जमकर नारेबाजी करते धरना प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ हमाल संगठन के बैनर तले आयोजित किए गए इस धरना प्रदर्शन में मजदूरों ने यहां ठेकेदार द्वारा शोषण किए जाने का आरोप लगाते हड़ताल शुरू कर दी है।

एफसीआई गोदम में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों ने समान काम का समान वेतन और रेगयुलर मजदूरों को काम से निकाले जाने के मामले को लेकर आक्रोश जताते धरना प्रदर्शन किया है। इस दौरान मजदूरों ने मैनेजमेंट और ठेकेदार की मिलीभगत को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। मजदूरों के आंदोलन को अपना समर्थन करने पहुंचे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागडे ने कहा कि एफसीआई गोदाम में 300 श्रमिक कार्यरत हैं। जिसमें से 58 रेग्युलर श्रमिक हैं। इन 58 श्रमिकों में से 32 श्रमिकों को ही काम पर रखा जा रहा है, बाकी को निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां मजदूरों का शोषण हो रहा है। मजदूरों की मांग है कि समान काम समान वेतन और सभी मजदूरों को काम पर रखा जाए । उन्होंने कहा कि जब तक यह दोनों मांग पूरी नहीं होगी, तब तक गोदाम के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।




**अलग-अलग भुगतानः** एफसीआई गोदाम में कार्यरत हमाल व रेज ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि यहां श्रम कानून प्रावधान का पालन नहीं हो रहा है। हमाल लीलाधर साहू ने कहा कि एफसीआई में 16 गैंग के मजदूर कार्यरत हैं। जिसमें से 12 गैंग को प्रति कट्टा 6.45 रुपए के दर से भुगतान किया जा रहा है। वहीं चार गैंग के मजदूरों को 5.60 रुपए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब काम समान है तो फिर भुगतान अलग-अलग क्यों किया जा रहा हैं। उन्होंने मांग की है कि समान काम का सामान भुगतान किया जाए।

### 26 को निकाल रहे

एफसीआई गोदाम में कार्यरत कल्पना टांडेकर ने कहा कि काम कम हो गया है, कहकर 58 में से 26 श्रमिकों को काम से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक पूरे 58 श्रमिकों को काम पर नहीं लिया जाएगा, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

### प्रशासन से निराकरण की मांग

एफसीआई गोदाम के बाहर मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की और गेट के बाहर धरना प्रदर्शन करते बैठ गए। वहीं अपने प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने इस मामले में प्रशासन से निराकरण की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष रमन आज मोतीपुर शिविर में



राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 16 मई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 16 मई को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 से 2 बजे तक नगर पालिक निगम राजनांदगांव के मोतीपुर में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे मोतीपुर से प्रस्थान कर दोपहर 2.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेगें एवं समय आरक्षित रहेगा। वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में रात्रि विश्राम करेंगे।

## माय एंगल




# डेढ़ महीने बाद भी नहीं जारी हो पाई भाजपा के मंडलों की कार्यकारिणी




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा ने प्रदेशभर में अपने संगठन का नए सिरे से विस्तार का काम शुरू कर दिया है। जिले में भी नए जिला अध्यक्ष के साथ ही महामंत्री एवं मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी की जा चुकी है, लेकिन अब तक जिला और मंडल भाजपा की कार्यकारिणी जारी नहीं हो पाई है। मार्च महीने के अंतिम सप्ताह में सभी मंडल से कार्यकारिणी जारी करने के लिए सूची मंगाई गई थी, लेकिन डेढ़ माह बाद भी जिला भाजपा मंडल की कार्यकारिणी जारी नहीं कर पाई है। ज्ञात हो कि जिले में भाजपा के 16 मंडल हैं। इन सभी में नई कार्यकारिणी बनाई जा रही है।

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई वजहों के चलते कार्यकारिणी का ऐलान रूका हुआ है। इनमें वरिष्ठ नेताओं के चेहतों को जगह दिलाने, सक्रिय सदस्य नहीं होने के बाद भी सूची में नाम डाल दिए जाने के साथ ही मौका परस्त नेताओं को शामिल किए जाने का विरोध शामिल है। बताया गया कि मंडल अध्यक्षों ने अपने मनमुताबिक कार्यकारिणी बनाकर जिला संगठन को सौंप दी है। अब जिला संगठन इसमें कांट-छांट कर रहा है। संबंधित मंडल में वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी रखने वाले कार्यकर्ताओं के नाम इसमें जोड़े जा रहे हैं।

### चार महिलाओं को रखना जरूरी

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने सभी मंडल को उनकी कार्यकारिणी बनाने के लिए एक तय मापदंड बताया था। जिसके अनुसार मंडल कार्यकारिणी के सेटअप में दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष एवं चार मंत्री यानी कुल मिलाकर इन 11 पदों में से कम से कम चार महिला को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी के 45 सदस्यों में से एक तिहाई यानि लगभग 15 महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाना अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग से भी कार्यकर्ताओं को रखने का मापदंड तय कर दिया गया है।

### मंडल की वजह से अटकी जिला कार्यकारिणी

*भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह के भीतर मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला संगठन के विस्तार पर मंथन शुरू किया जाएगा। बताया गया कि जिला संगठन में अध्यक्ष एवं एक महामंत्री की ही नई नियुक्ति हुई है। ऐसे में शेष सभी पदों को लेकर नए लोगों के साथ ही पुराने वफादार कार्यकर्ताओं को अवसर देने का काम किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा था कि अप्रैल महीने की समाप्ति से पहले कार्यकारिणी की सूची भी जारी कर दी जाएगी, लेकिन अब यह सूची 20 मई के करीब आ सकती है।*

# अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ अभियान, दर्जनभर कोचिया गिरफ्तार

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। तीन दिनों में पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कुल 12 प्रकरणों में 12 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत 12 मई से 14 मई तक 3 दिनों में थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रुपए, डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34(1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 41 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3280 रुपए एवं बिक्री रकम 370 रुपए जब्त, घुमका पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 14 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1120 रुपए एवं बिक्री रकम 480 रुपए जब्त, कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1600 रुपए एवं बिक्री रकम 320 रुपए जब्त, पुलिस चौकी चिचोला द्वारा 34(1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 26 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 3120 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त, छुरिया पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 17 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1360 रुपए एवं बिक्री रकम 240 रुपए जब्त, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 34(2) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के पास से 49 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 5880 रुपए एवं 61 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 5160 रुपए जब्त, बोरतलाव पुलिस द्वारा 34(1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के पास से 4180 बल्क लीटर कच्ची शराब कीमती 850 रुपए जब्त कर उसके विरूद्ध कार्रवाई की गई।

# रिसोर्ट में बर्थ-डे पार्टी के दौरान मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

- मनगटा के मिराकल रिसोर्ट में हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मनगटा स्थित मिराकल रिसोर्ट में बर्थ-डे पार्टी कर रहे लोगों से मारपीट करने एवं वाहनों में तोड़फोड़ करने के मामले की जांच कर रही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी तरूण कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 मई को रात्रि में मिराकल रिसोर्ट मनगटा में अपने दोस्तों के साथ अपने जन्मदिन का पार्टी मना रहा था। इसी बीच कुछ अज्ञात लड़के आए और तुम लोग मनगटा के रहने वाले को क्या कहकर प्रार्थी से पूछने लगा, प्रार्थी द्वारा हां कहने पर अज्ञात आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके साथियों के साथ अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हाथ-मुक्का व लाठी से मारपीट कर वहां पर प्रार्थी व उसके दोस्तों के गाड़ियों को तोड़फोड़ किए हैं, जिस पर थाना सोमनी में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।




⏩ शेष पेज 14 पर

## खेतों की सफाई मरम्मत शुरू, 25 मई से 2 जून तक नौतपा

# सूर्य की और बढ़ेगी तपन, ज्येष्ठ माह शुरू...व्रत पर्व भी होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ज्येष्ठ माह शुरू होते ही सूर्यदेव की तपन तेज हो गई है। इस माह भीषण गर्मी का वातावरण रहेगा। अगले माह से आषाढ़ बारिश का महीना शुरू हो जाएगा। जिसके चलते किसान अभी से किसानी की प्रारंभिक कार्य में जुटने लगे हैं। खेतों की सफाई व मरम्मत कार्य इन दिनों शुरू कर दिया गया है।

पंचाग के अनुसार 13 मई से ज्येष्ठ माह प्रारंभ हो गया है। ऐसा माना जाता है कि ज्येष्ठ माह जिसे जेठ माह भी कहते हैं। इस माह में सर्वाधिक गर्मी का वातवरण रहता है। सामान्य दिनों की अपेक्षा धूप तेज और भभकती गर्मी का माहौल रहता है। ज्येष्ठ माह में ही 25 मई से ही नौतपा लगेगा, जो 2 जून तक चलेगा। ऐसी मान्यताएं है कि नौतपा के दौरान जितनी अधिक गर्मी होती है, उतना ही बेहतर बारिश होने की संभावना रहती है। इधर ज्येष्ठ माह शुरू होते ही अंचल के कई किसान खेतों में प्रारंभिक किसानी कार्य के लिए पहुंचने लगे हैं। इन दिनों खेतों की साफ-सफाई सहित मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि कई अक्ती पर्व से ही परंपरानुसार कृषि का प्रारंभिक कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। आषाढ़ माह लगने से पूर्व ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारिश के मौसम हेतु पूर्व से ही व्यवस्थाओं में जुट गए हैं।



### व्रत-त्यौहारों का क्रम

इस माह सौभाग्यवती महिलाएं पति के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना लिए वट सावित्री पर्व मनाएगी। इस दिन कठिन निर्जला व्रत रखकर वट वृक्ष बरगद के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर वट वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर मंगल कामनाएं करेंगी। अंचल में ऐसी मान्यताएं भी है कि ज्येष्ठ माह में घर-परिवार में जेष्ठ पुत्र-पुत्री का मांगलिक आयोजन नहीं किया जाता। ज्येष्ठ माह 16 मई संकष्टी चतुर्थी, 23 को अपरा जलक्रीडा एकादशी, 26 को वट सावित्री व्रत सोमवती अमावस्या, 27 शनि जयंती, 4 जून महेश नवमी, 5 जून गंगा दशहरा, 6 जून भीमसेनी एकादशी, 7 जून निर्जला एकादशी, 8 जून प्रदोष व्रत, 11 जून स्नान दान पूर्णिमा पर्व है। इस माह हनुमानजी, सूर्यदेव और वरूण देव, शनिदेव की विशेष उपासना करना सबसे शुभ माना जाता है।

### दोपहर को लू, देर रात तक गर्मी

ज्येष्ठ माह प्रारंभ होते ही दोपहर की धूप चिलचिलाने लगी है। गर्म हवाओं के थपेडे शुरू हो चुके हैं। देर रात तक गर्म हवाओं से लोग हलाकान हैं। दो-चार दिनों पूर्व शाम को तेज हवाओं का माहौल था, लेकिन ज्येष्ठ माह लगते ही बढ़ी गर्मी का अहसास होने लगा है। नौतपा के दौरान बेहद गर्मी पड़ने की आशंकाए जताई जाने लगी है। भीषण गर्मी से दोपहर को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसरने लगा है। शाम होने के बाद ही चहल-पहल हो पा रही है।

## खबर संक्षेप

### क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** शासकीय कन्या क्रीड़ा परिसर अंबागढ़ चौकी में नवीन सत्र 2025-26 में रिक्त सीटों के विरुद्ध प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रवेश संबंधी नियम और शर्तों के अनुसार पात्र छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश फॉर्म संस्था में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है।

### यादव समाज की वार्षिक बैठक कल

**डोंगरगढ़।** नगर यादव समाज की वार्षिक लेखा जोखा बैठक 17 मई को रखी गई है। बैठक में विगत वर्ष का हिसाब एवं स्थापन दिवस के आय व्यय की जानकारी दी जाएगी। यह बैठक रात्रि 8 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर में रखी गई है।

### केन्द्रीय विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत



**डोंगरगढ़।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। शाला के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ अपने माता- पिता का गौरव बढाया है। विद्यालय के अनुराग सिंह चंदेल ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने समाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में विभा जैन वाणिज्य संकाय ने 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय की याशिका डडसेना ने 89.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं रसायन विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किया। सभी छात्रों को प्राचार्य एसआर कुजूर ने बधाई दी है।

### बैठक में रखा परिसीमन का सुझाव



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी प्रबंधकारिणी सभा में सम्मिलित हुए। विष्णु लोधी ने बैठक में समाज की आर्थिक स्थिति, संगठनात्मक जिम्मेदारियों तथा भविष्य की योजनाओं पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने सभी सक्षम सदस्यों से सदस्यता शुल्क और सहयोग राशि समय पर जमा करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज का विकास केवल आयोजनों से नहीं बल्कि सशक्त आर्थिक आधार और समर्पित भावना से संभव है। उन्होंने राजनांदगांव से अलग होकर दो नए जिले बनने के बाद तीनों जिलों में सर्किलों का परिसीमन करने, चुनाव आयोग का गठन करने का सुझाव रखा।

### जिला स्तरीय महासभा कल

**उदयपुर।** गडरिया ढेंगर समाज की जिला स्तरीय महासभा का आयोजन उदयपुर में 17 मई को रखा गया है। महासभा का शाम 4 बजे शुभारंभ होगा जो देर रात तक चलेगी। समाज के वरिष्ठ सदस्य नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुंभलाल धनकर करेंगे। महासभा में सेक्टर से प्रदेश स्तर तक समाज को मजबूत करने पर विचार किया जाएगा साथ ही वरिष्ठ जनों एवं प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में रुकुम पाल, छगन धनकर, सुरेश धनकर, योगेश्वर धनकर, दूजे, रामपाल, दरम पाल, धनीराम पाल, सोहन पाल, चैन पाल, लक्ष्मण पाल, भुवनेश्वर पाल, गोलू पाल, रमेश पाल, महेंद्र पाल जुटे हैं।

### अक्षांसी और आयुषी सबसे आगे




**डोंगरगढ़।** प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की छात्राओं ने मेहनत और लगन से एक बार फिर सफलता के मुकाम को हासिल किया है। छात्राओं की सफलता का श्रेय उन शिक्षिकाओं को दिया जो ब्रम्हचर्य व्रत' को धारण शिक्षा दे रही है। कक्षा 10 वीं में 96.6 प्रतिशत अक्षांशी, 94.2 ऋषिता, 94 दृष्टि, कक्षा 12 वीं में 93.8 प्रतिशत आयुषी, 92 प्रतिशत अंक के साथ अनुप्रेक्षा सफलता हासिल किया है। संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी को पालिका अध्यक्ष रमन डोगरे ने बधाई दी।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बौद्ध बिहार ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में मेला ग्राउंड में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध एवं भीम गीतो पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगीत एवं नृत्य से सुसज्जित कार्यक्रम को रत्नाकर लांझेवार नागपुर म्युजिकल ग्रुप ने प्रस्तुत किया। अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खंडेकर, रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, बौद्ध महासभा के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, निर्भयदास चोखंदरे, जस्मीत सिंग बन्नोआना थे। देर रात तक चले संगीतमय कार्यक्रम में पालिका के पार्षदों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बुद्ध वाणी एवं संविधान से जुड़ी प्रमुख बातों को कुमार यर्थाथ ने रखा। वाणी के स्वर ने खुब ताली बटोरी। कार्यक्रम में राजकुमार नंदेश्वर, तुलसी मिश्रा, रेखा राघोरते, पंचशीला सहारे, रतन कोसे, सिवानी साखरे, संघकीर्ति नंदेश्वर, विजय कोटांगले, किशोर साखरे, रोहित वाल्दे, अनीष निर्मालकर शारदा यादव, मेनका राजेश कंडरा, बबिता साहू, संजय श्रीवास्तव, मुकेश सहारे, सिद्धार्थ नागदेवे आदि उपस्थित थे।

## निधन

### चेतन आनंद महोबिया



**छुईखदान।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक भोलाराम महोबिया के ज्येष्ठ सुपुत्र शिक्षक और उत्कृष्ट फुटबाल खिलाड़ी चेतन आनंद महोबिया का देहावसान हो गया। स्व. महोबिया नगर के शिक्षकों और खिलाड़ियों के बीच एक नामचीन व्यक्ति रहे हैं। तीर्थ यात्रा के दौरान उनकी हालत बिगडने पर अस्पताल मे भर्ती कराया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।श्री महोबिया अपने पीछे पत्नी व बच्चों सहित भरापूरा परिवार छोड गए हैं। उनके निधन पर सज्जाक खान, शरद श्रीवास्तव, अशोक चंद्राकर, संजय महोबिया, छुईखदान मां काली जस सेवा भजन समिति के सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है। स्व. महोबिया का अंतिम संस्कार बनारस में करने पारिवारिक सदस्य रवाना हो गए हैं।

### प्रेमलता श्रीवास्तव



**छुईखदान।** कायस्थ समाज जगदलपुर के वरिष्ठ सदस्य रहे स्व. शिव श्रीवास्तव की सहधर्मिणी प्रेमलता श्रीवास्तव का छुईखदान निवासी ज्येष्ठ पुत्री साक्षी नवीन बक्शी के निवास में अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद देहावसान हो गया। श्रीमती श्रीवास्तव की पहचान सामाजिक व्यवहारशील महिला के रूप में थी। श्रीमती श्रीवास्तव के निधन पर शरद श्रीवास्तव, संजीव दुबे, सज्जाक खान, संतोष साहू, मनोज चौबे, सुदीप श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, विक्रांत चंद्राकर, दादू उपाध्याय, प्रवीण बख्शी, परेश बख्शी आदि ने शोक प्रकट किया है।

---

### कुछ के आवेदनों का हो रहा निराकरण, कुछ हो रहे निराश

# पब्लिक के तीखे सवालों से घिरे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोगों की समस्याओं और शिकायतों का निराकरण कर सुशासन लाने पहुंचे अधिकारियों को कमीशन खोरी, स्टीमेट के विरुद्ध काम करवा कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने सहित अन्य आरोपों का सामना करना पड़ा। लोगों के तीखे सवालों और आरोपों से घिरे अधिकारी निरूत्तर होकर चुप्पी साधे नजर आए।

निकाय क्षेत्र के लोगों द्वारा सुशासन तिहार के तहत दिए गए मांग और शिकायतों के आवेदनो के हुए निराकरण की जानकारी देने लिए नगर प्रशासन ने गुरूवार को मंडी परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया था। शिविर की शुरुवात नाटकीय तरीके से हुई। कुछ अधिकारियों के जानकारी देने के बाद दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ और अतिथियों के स्वागत की औपचारिकता पूरा किया गया।



#### आंकड़ों में उलझाया

सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में पहले दिन जैसे ही हालात नजर आए। दूसरे दिन भी शिविर में पब्लिक नजर नहीं आई। जो लोग अपने आवेदन का निदान होने के उम्मीद के साथ पहुँचे थे उन्हे भी निराशा का सामना करना पड़ा क्योंकि अंत तक उन्हे यह पता नहीं चला कि क्या निराकरण किया गया है। आयोजन के दौरान अधिकारी केवल आंकड़ों की बाजीगरी करते रहे। अपरान्ह बाद सभी अधिकारी शिविर छोड़कर रवाना हो गए।



#### सवालों के घेरे में नाली

कछुआ चल को मात दे रहा सड़क चौडीकरण कार्य के तहत दोनों तरफ नाली का भी निर्माण किया गया है। नगर पंचायत कार्यालय और सड़क की दूसरी तरफ बनी नाली की चौड़ाई में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। वहीं तिगाला पेट्रोल पंप के पास ऐसी नाली बना दिया गया जिससे पानी आगे नहीं बढ़ेगा। बाहुबली हार्डवेयर के पास नाला को जिसे नाली से जोड़ा जा रहा है उससे पानी की निकासी संभव नहीं है।आशंका है कि बारिश का पानी आबादी क्षेत्र में भर जाएगा।

#### दिखा तालमेल का अभाव

शिविर में जब विद्युत विभाग की ओर जानकारी दी जा रही थी इसी दौरान पूर्व पार्षद सिद्दीकी बड़गुजर ने सड़क किनारे लगाए जा रहे खंभे की दूरी के संबंध पूछा। अधिकारी के जवाब देने के साथ बवाल मच गया क्योंकि विद्युत और लोक निर्माण विभाग अलग अलग मापदंड पेश कर रहे थे। इस बीच सड़क के बीच बनने वाले डिवाइडर और नाली को लेकर लोगों ने सवाल दागकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को अपने निशाने पर ले लिया। हालत यह निर्मित हो गए कि लोग अधिकारियों पर सीधे तौर पर कमीशन लेकर स्टीमेट के विरुद्ध निर्माण कराने का आरोप लगाने से भी नहीं चुके।

## शत प्रतिशत आवेदनों के निराकरण होने का दावा

**सड़क चिरचारी।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीणों की शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए चारभांठा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत चारभांठा, मोहनपुर, नारायणगढ़, रामपुर, कनेरी, भगवानटोला, बागनदी, टाटेकसा, कोठीटोला, सीतागोटा, मुंगलानी, झिंझारी के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों से रूबरू होकर समाधान किया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की। शिविर में 1 हजार 657 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका शत प्रतिशत निराकरण किया गया।

#### नक्सल प्रभावितों का आवास मंजूर

शिविर में नक्सल प्रभावित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ श्रमिक कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, लर्निंग लाईसेंस प्रदान किया गया।विभिन्न विभागों ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने स्टॉल लगाया था। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाईयों का वितरण किया गया। आयुष विभाग ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, गिरवर साहू, मनोज कांडे, सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## सामाजिक भवनों के लिए 20 लाख की घोषणा

### विधायक ने किया सामाजिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

ग्राम टेका हरदी में साहू समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक दलेश्वर साहू ने किया। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष हेमंत दास साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, सत्यप्रकाश साहू, पिताम्बर साहू, परमानंद साहू, विश्राम साहू, नंदलाल साहू थे।

उक्त अवसर पर भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी रखा गया जिसमे सभी अतिथि शामिल हुए। सुबह ग्राम में भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के निकालकर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम स्थल में सामूहिक पूजा आरती की गई।

#### पदाधिकारी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में मूर्ति दानदाता नंदलाल साहू का सम्मान किया गया। वहीं सामाजिक एकता एवं समरसता बनाए रखने के लिए ग्राम अध्यक्ष हेमंत साहू सहित अन्य पदाधिकारियों, पार प्रमुखो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामदुलार साहू तथा आभार प्रदर्शन हेमंत साहू ने किया।



#### सामाजिक एकता पर जोर

मुख्य अतिथि विधायक साहू ने समाज के रीति नीति पर अमल करते हुए सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होने डोंगरगांव तहसील के नवीन परिक्षेत्र खपरी कला के अंतर्गत आने वाले ग्राम खपरीकला, कन्हारडबरी, झिटिया में सामाजिक भवन तथा टेका मे शेड निर्माण हेतु 20 लाख देने घोषणा की। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने सामाजिक कुरूति को दूर करने का आव्हान किया। विशेष अतिथि अमरनाथ साहू ने सामाजिक संरचना, कर्तव्य व दायित्व पर प्रकाश डाला।

## नौकरी लगाने के नाम पर वसूली, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- दर्ज हो चुका मजदूरों का बयान
- कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीण आंदोलन करने के मूड़ में

लाल बहादुर नगर के सीएमओ द्वारा नौकरी लागने के नाम पर मजदूरों से 25-25 हजार लेने के मामले का खुलासा हुआ था। इस मामले की जांच एसडीएम एवं तहसीलदार ने किया था। जांच के बाद सीएमओ पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के बाद तहसीलदार ने सभी मजदूरों से बयान लिया था। सभी 15 मजदूरों ने सीएमओ के कहने से ड्राइवर को राशि पैसा देना बताया था। बयान करीब एक पहले दर्ज किया गया था किन्तु मामले की पुष्टि होने के बाद अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बड़े अधिकारी एवं नेताओं से सांठगांठ होने के कारण मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

#### आश्वासन निकला झूठा

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर आंदोलन करने वाले थे किन्तु सीएमओ से राशि वापस दिलाने का आश्वासन देकर आंदोलन रुकवा दिया गया था। आज तक मजदूरों को रुपया नहीं मिला है। अब सीएमओ द्वारा यह कहते हुए मजदूरों को धमकाया जा रहा है कि मेरे ऊपर कार्यवाही होती है तो तुम लोगों पर भी कार्यवाही होगी। मामले के खुलासे के दौरान एसडीएम एवं तहसीलदार ने ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन दिया था किन्तु कार्रवाई होना तो दूर उसके संकेत भी नहीं मिल रहे हैं।

---

## छुईखदान की पम्मी जिले के टॉपटेन में

**छुईखदान।** कक्षा 12 वीं की छात्रा पम्मी चंदेल पिता रिखीराम ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला के टॉप टेन में 9 वा स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में चांदनी पिता चंद्रहास निवासी भूलटोला ने 90 फीसदी अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर ने गत दिनों कार्यालय के सभाकक्ष में टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को गुलदस्ता भेंट कर मुंह मीठा कराया। उन्होंने आगे की कक्षा में मेहनत कर अधिकतम अंक प्राप्त करने प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने जिले की परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। इस अवसर पर कन्या शाला के प्राचार्य अनिल पाल, चंद्रहास देवांगन, आत्माराम साहू, सीरीज पांडे एवं पालक मौजूद थे।



### त्रि-दिवसीय सतगुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर 18 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चौखड़ियापारा तहसील साहू भवन राजनांदगांव में जिला स्तरीय त्रि-दिवसीय सतगुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसमें कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के संत महात्माओं द्वारा मार्गदर्शन एवं ज्ञानबोध कराया जाएगा।

कार्यक्रम आगामी 18, 19 और 20 मई को आयोजित है। इस कार्यक्रम में 8 से 16 वर्ष के बालक-बालिकाओं को सद्गुरू कबीर साहब के विचारों एवं संदेशों का संस्कारित करने एवं खेल, योगा तथा सामान्य ज्ञान, भजन-कीर्तन अन्य विचारों के साथ-साथ सनातन धर्म का संदेश दिया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजक समिति के कुशल, राजेश व हरीश साहू ने दी।

## डॉक्टर माधवी का नाम 5वीं बार गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छंद बद्ध वृहद व्याकरण छंद में अपनी सृजन के माध्यम से डॉ माधवी गणवीर ने सहभागिता करतें हुए गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया है। इस पुस्तक का विमोचन गत दिनों राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में वृंदावन हॉल रायपुर में किया गया। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव ने की। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग व प्रांतीय राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, अरुण निगम, रामेश्वर शर्मा, महेश शर्मा, कमल शर्मा एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की प्रांतीय प्रभारी सोनम शर्मा थी।



#### गजल संग्रह का विमोचन

उक्त पुस्तक को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है जिसमें हिंदी व्याकरण को बिना किसी अर्थ परिवर्तन के छंदों में बांधा गया है। जिसे पूर्ण करने में 111 साहित्यकारों ने 117 छंदों से सुशोभित किया। संपादन डॉ इंद्राणी साहू, डॉ पदमा साहू एवं डॉ नीरा मणि श्रीवास ने किया। इस अवसर पर डॉ माधवी गणवीर की गजल संग्रह रेत की नदी का विमोचन हुआ। इसके पूर्व उनकी दो ग़ज़ल संग्रह प्रकाशित हो चुकी है।

---

### कलेक्टर ने खेत में पहुंचकर की खेती की सराहना

# पान की खेती से बदल रही किसानों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इन्द्रजीत चंद्रवाल ने छुईखदान क्षेत्र प्रगतिशील किसान के खेत का निरीक्षण किया, जहां व्यवसायिक रूप से पान की खेती की जा रही है। उन्होंने खेत का भ्रमण कर उत्पादन प्रक्रिया, लागत और संभावनाओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने रवि साहू से चर्चा करते हुए पान की खेती में लगने वाली लागत, श्रम, उत्पादन क्षमता और बाजार में मांग पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पान की खेती क्षेत्र के किसानों के लिए एक लाभकारी और टिकाऊ विकल्प बन सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। श्री साहू ने बतायाकि उन्होंने 4000 वर्ग फुट भूमि पर पान की खेती प्रारंभ की है, जिस पर लगभग 1.20 लाख की लागत आई है। उन्होंने बताया कि मात्र 6 माह में ही उन्हें 80 हजार का लाभ हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि एक पान के पेड़ की औसत आयु 30 से 40 वर्ष होती है और हर पौधे से प्रति वर्ष लगभग 250 पत्ते प्राप्त होते हैं। कलेक्टर ने पान की गुणवत्ता की सराहना करते हुए स्वयं भी एक पत्ते का स्वाद लिया और किसानों को इस दिशा में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।



#### बढ़ावा देने इच्छुक किसानों से कलेक्टर ने की चर्चा

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने प्रगतिशील किसानों से पान उत्पादन की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा छुईखदान में स्थापित पान अनुसंधान केंद्र के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक, अधिकारी और पान उत्पादक किसान शामिल हुए। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष, कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने पान की खेती को पुनर्जीवित करने और इसके वैज्ञानिक विकास के लिए रणनीतियाँ साझा कीं। किसानों ने पान की उपज में आ रही समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन, बाजार की कमी और लागत बढ़ने की बातें रखीं, जिनका कलेक्टर ने समाधान का भरोसा दिलाया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने निर्देश दिया कि क्षेत्र के 10-15 किसानों को चिन्हित कर पान उत्पादन हेतु प्रशिक्षित किया जाए तथा उनकी फसल को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से अन्य प्रमुख पान उत्पादक क्षेत्रों से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के डॉ अभिनाश गुप्ता, डॉ डीएस आर्य, डॉ दीपिका देवदास, डॉ पंकज भार्गव, डॉ कन्हैयालाल, संजय जांगड़े सहित अन्य शामिल हुए।

### समाधान शिविर आज

**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत गंडई क्षेत्र के निवासियों के लिए शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के तृतीय चरण में आवेदनों के निराकरण के लिए एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन दो जगहों पर अलग अलग दिन किया जा रहा है। कल 16 मई को मंगल भवन, वार्ड क्रमांक 5 पंडरिया में वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक के नागरिकों के आवेदनों पर सुनवाई और समाधान किया जाएगा। इसी प्रकार आगामी 28 मई को पीएम श्री प्राथमिक शाला वार्ड 11 टिकरीपारा गंडई में वार्ड 8 से 15 तक के नागरिकों के लिए समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा। जानकारी अनुसार 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के दौरान कुल 2357 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 20 आवेदन शिकायत के थे। 2337 आवेदन भूमिहीन परिवारों और महतारी वंदन योजना के थे। नगर पंचायत प्रशासन ने सभी जरूरतमंद हितग्राहियों को शिविर में उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान कराने और योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को विदाई

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एमए राजनीति विज्ञान विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक विदाई दिया। इस अवसर पर द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे माहौल खुशनुमा बन गया। वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने बिताए पलों और अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने प्राध्यापकों और सहपाठियों के प्रति आभार प्रकट किया।कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने छात्र-छात्राओं को संयम और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने प्रेरित किया। प्राध्यापक डॉ एनएस वर्मा ने कड़ी मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष टीएल वर्मा ने छात्र-छात्राओं को मेहनत और लगन के साथ जिम्मेदारियों को निभाने प्रेरित किया। विदाई समारोह में जी कौशिक, एसआर गोरे और अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के खिलाफ आंदोलन की बड़ी रणनीति हो रही तैयार

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विसंगति फेडरेशन ने आंदोलन की दी चेतावनी

### बुनियादी शिक्षा के लिए जागरुकता लाने विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सरकारी स्कूलों और अतिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर शासन के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को विसंगति और दोषपूर्ण बताते हुए छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रामलाल साहू, जिला सचिव शिवचरण वर्मा, संजू कंवर, उपाध्यक्ष भिखेन्द्र जंघेल, दोदेश्वर चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोनी, कौशल श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार युक्ति युक्तकरण के बहाने प्रदेश के प्राथमिक शालाओं को दाल भात सेंटर में तब्दील करना चाहती है।

दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के गिरते परिणाम को लेकर डीईओ और बीईओ की जिम्मेदारी तय कर कारवाई कर सरकार और विभाग क्या साबित करना चाहता है। उन्होंने कहा कि जब तक बच्चों को बुनियादी शिक्षा बेहतर नहीं मिलेगी तब तक परीक्षा परिणाम मे सुधार की गुंजाइश नही के बराबर है। सेटअप के साथ बदलाव करके हजारों पदों को समाप्त करना शासकीय स्कूलों की कमर तोड़ने वाला कार्य है। युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया के विरोध में पालक भी बुनियादी शिक्षा के लिए जागरूकता लाने विशेष अभियान चला रहे है इसके साथ ही फेडरेशन बड़े आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार कर रहा है।



#### पांच कक्षाओं का संचालन दुष्कर काम

जिलाध्यक्ष रामलाल साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि दो शिक्षक के दम पर कैसे पढ़ाई लिखाई पूरी होगी। पूरे साल शिक्षक मूल कार्य पढ़ाई के अलावा अन्य काम भी करते है इस स्थिति मे पांच कक्षाओं का संचालन कठिन काम है। अधिकारियों से इस विषय पर पर चिंतन का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन शालाओं का पता लगाना चाहिए जिसमें बच्चो की दर्ज संख्या के अनुरूप अधिक शिक्षक विराजमान है और ऐसा क्यों हुआ इसकी जॉचकर दोषी अफसर कार्रवाई होनी चाहिए। जिला अध्यक्ष रामलाल साहू ने कहा कि फेडरेशन इस दोषपूर्ण युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया के विरोध मे सड़क की लड़ाई लड़ेगा और जल्द ही विभिन्न शिक्षक मंडलों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे 2008 के सेटअप अनुसार युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया अपनाने की मांग करेगा। इसके अलावा दो शिक्षक के भरोसे कैसे होगा सरकारी स्कूलों में शिक्षा का संचालन इस विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित कर दोषपूर्ण नियम वाले युक्ति युक्तकरण का विरोध किया जाएंगा। उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर जल्द संकुल से लेकर प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक कर इस दोषपूर्ण युक्ति युक्तकरण के लिए एक मजबूत कारगर रणनीति बनाकर प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा की अगुवाई में सड़कों में संघर्ष किया जाएगा।

## परियोजना प्रबंधक ने की कलेक्टर से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में संचालित तलाश स्वयं सेवा संस्थान द्वारा छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोग से लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना अंतर्गत एचआईवी और यौन जनित रोगों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

संस्थान के परियोजना संचालक विजिताभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश साहू और काउंसलर रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर परियोजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और समाज के अन्य कमजोर वर्गों को यौन स्वास्थ्य, एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करना है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हितग्राहियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श व उपचार से जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने उनके प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने प्रशासन की ओर से सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि इस तरह का प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने और संक्रमित लोगों को सम्मानजनक जीवन जीने में मददगार साबित हो रहा हैं।

## विहिप और बजरंग दल की बैठक में प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में चर्चा



**डोंगरगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक महावीर हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। बैठक में विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने मार्गदर्शन दिया। बजरंग दल जिला संयोजक राहुल मिश्रा, जिला सह संयोजक हनी गुप्ता, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख बाबा दायित्वान कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। इस दौरान आगमी प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में चर्चा की गई। विश्व हिंदू परिषद प्रखण्ड डोंगरगढ़ की नवीन कार्यकरणी में बालमुकुंद तराने को नगर अध्यक्ष, राजेश बल्ली, विशाल सुराना उपाध्यक्ष, रामना मूर्ति मंत्री, निखिल जैन, दीपन बघेल सह मंत्री, आशीष शुक्ला मठ मंदिर प्रमुख, अभिषेक वर्मा, भूपेन ताम्रकार, रितेश सक्सेना सामाजिक सह प्रमुख, शुभम दुबे सत्संग प्रमुख, सोनू यादव सेवा प्रमुख, केशव साहू, विमल अग्रवाल मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार बजरंग दल की कार्यकारिणी में मीडिया प्रमुख केशव साहू, सह संयोजक ऋषभ डाकहा, सह संयोजक अशोक प्रताप सिंह, गौरव अग्रवाल, तरुण ठाकुर, सुरक्षा प्रमुख रवि उपाध्याय, यीशु पाशी, गौ रक्षक प्रमुख हिमांशु गुप्ता, आकाश मरकाम, अमन ठाकुर, बलोपासना प्रमुख राहुल करसे, दुर्गेश सिन्हा, अरविंद मरकाम, विद्यार्थी प्रमुख युवराज साहू, अंकित गुप्ता, साप्ताहिक मिलन प्रमुख देव मांझी, पिंकूसिंह ठाकुर, नगर सुरक्षा प्रमुख रवि उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजधानी दिल्ली में लहराया संगीत नगरी का परचम

**खैरागढ़।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित स्वर्णिम भारत कप राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा मे संगीत नगरी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन के बूते परचम लहराया है। 16/17 किशोर वर्ग आयु की काता स्पर्धा मे आदित्य झा ने द्वितीय और वजन वर्ग 61 से 67 किलो कुमीते फाइट स्पर्धा मे आदित्य झा ने तीसरा स्थान हासिल किया। किशोर वर्ग16/17 आयु 55 से 60 किलो वजन वाली कुमीते फाइट स्पर्धा मे पवित्र सोनकर ने तीसरा, इसी आयु वर्ग के 51 से 55 किलो वजन वाली कुमीत स्पर्धा मे अभिषेक व्यास ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि पुरूष वर्ग 74 से 84 किलो वजन वर्ग की कुमीत स्पर्धा में मयंक अवस्थी ने दूसरा स्थान और भविष्य श्रीगंगे ने 61 से 67 किलो वजन वर्ग की कुमीत फाइट स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया है। नई दिल्ली मे कराते की अलग अलग विधियों में शानदार प्रदर्शन के बूते संगीत नगरी का नाम रोशन करने वाले पांचों खिलाड़ियों को परिजनों ने बधाई दी है।



## नहीं मिला मुआवजा, प्रतिनिधि से मुलाकात कर प्रभावितों ने सांसद के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जल आवर्धन योजना के बदले प्रोजेक्ट से प्रभावितों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है जबकि उनकी जमीन एनीकट की ऊंचाई बढ़ने से डुबान में आ चुकी है। सभी प्रभावितों ने सांसद संतोष पांडेय के नाम ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह को सौंपा और जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की।

सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने नगर पालिका के सीएमओ सहित संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर प्रभावितों को राहत देने जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। लालपुर-मोंगरा वार्ड के प्रभावित रत्नेश निषाद, रतन निषाद, चेतन निषाद, सुरेंद्र वर्मा, शुभम वर्मा, ईश्वर, गोपेंद्र वर्मा, ठाकुर राम, गोविंद, कचरू, हरिराम निषाद, सुकदास सहित अन्य ने बताया कि जल आवर्धन योजना के तहत पाइप लाइन के माध्यम से छिंदारी बांध से पानी आना था, लेकिन भाजपा शासन काल में स्वीकृत योजना का प्रोजेक्ट कांग्रेस शासनकाल में पूरी तरह से बदल दिया गया।

पाइपलाइन की जगह लालपुर एनीकट की ऊंचाई बढ़ाकर पानी स्टोर करने की योजना पर काम शुरू हुआ। नगर पालिका ने ढाई करोड़ की राशि जल संसाधन विभाग को हैंड ओवर भी कर दी। विभाग ने एनीकट की ऊंचाई बढ़ने से प्रभावित होने वाले लोगों को उचित मुआवजा दिए बिना काम भी शुरू कर दिया गया और लगभग ढाई करोड़ खर्च कर एनीकट की ऊंचाई भी बढ़ा दी। अब प्रभावितों का हिस्सा पानी स्टोरेज होने की वजह से डूब रहा है, लेकिन नगर पालिका और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने एक साल पहले प्रभावित क्षेत्र का नाप-जोख किया था लेकिन एनीकट बनने के बाद भी प्रभावितों को जमीन का मुआवजा नही मिल पाया है।

#### सालभर बाद भी नहीं मिला मुआवजा

लालपुर वार्ड के प्रभावित रहवासियों ने सांसद प्रतिनिधि के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि क्षेत्र आवासीय होने व व रहने-बसने का आधार है। डूबान में आने से लोगों का जीवन यापन प्रभावित हो रहा है इस स्थिति मे जल्द से जल्द मुआवजा दिलवाए ताकि उस राशि से हम अन्यत्र भूमि खरीद सकें या फिर डुबान से पानी छोड़कर भूमि को मुक्त करें। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने बताया कि जल आवर्धन योजना में एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने से प्रभावित जनों ने ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सीएमओ से चर्चा कर जल्द से जल्द निदान करने कहा गया है।

## पद्मा की कुंडलिया काव्य संग्रह का विमोचन

**खैरागढ़।** राजधानी के वृंदावन हॉल में प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों व चिंतकों की मौजूदगी मे शिक्षिका डॉ पद्मा साहू पर्वणी की चौथी कृति पद्मा की कुंडलिया का विमोचन हुआ। इसके साथ ही डॉ इंद्राणी साहू सांची, डॉ पद्मा साहू पर्वणी, डॉ निरामणी श्रीवास नियति द्वारा संपादित विश्व स्तरीय पद्य संकलन छंद बद्ध वृहद हिंदी व्याकरण का भी विमोचन हुआ।



साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय कवि संगम प्रांत इकाई अध्यक्ष योगेश अग्रवाल की अध्यक्षता और वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा बाबूजी, अरुण कुमार निगम, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की संवाददाता डॉ सोनल राजेश शर्मा, राष्ट्रीय कवि संगम प्रांत इकाई के महामंत्री महेश शर्मा और कमल शर्मा की उपस्थिति में डॉ गीता विश्वकर्मा नेह द्वारा समीक्षा बाद पदमा साहू की कृति का विमोचन हुआ। उनकी इस कृति में 200 कुंडलियों का संग्रह है, जो बहुत ही उत्कृष्टता के साथ विभिन्न भावों को समेटे हुए है। कार्यक्रम में पद्मा साहू को तीसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड से भी सम्मानित किया। साहित्य क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट लेखनी के साथ देश, समाज, विद्यार्थियों के लिए कलम चलाकर अपनी रचनाओं को सबके बीच रखने का काम कर रही है। वे विभिन्न सम्मानों से सम्मानित हो चुकी हैं। कार्यक्रम में मुंबई से राजकुमार छापरिया, भोपाल से माधुरी दुबे, राजस्थान से सुरेखा खरे, डॉ सियाराम साहू, रामनाथ साहू ननकी, दूजराम साहू, केशव साहू, कविता जैन, ओंकार साहू, गीता विश्वकर्मा, नरेंद्र देव शक्ति, लक्ष्मीकांत वैष्णव, गुलशन सहित अन्य आदि उपस्थित थे। पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व जिंप सभापति घम्मन साहू की धर्मपत्नि पद्मा साहू पर्वणी की उपलब्धि पर अतिथियों और उपस्थित रचनाकारों सहित उनके परिजनों व शिक्षा जगत के शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में बारहवीं वाणिज्य में वसुंधरा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़





पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई की कक्षा बारहवीं और दसवीं दोनों बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई के घोषित नतीजों में कक्षा 12 वीं में विद्यालय के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के कुल 60 विद्यार्थियों में से सभी 60 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। कक्षा 10वीं में 64 में से सभी 64 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे।

कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वसुंधरा सिंह प्रथम, 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वैभव चोपड़ा द्वितीय व 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अदिति जैन तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में 82.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टिकेंद्र कुमार नेताम प्रथम, 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुमैया मेमन द्वितीय व 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खेमेश साहू और रोहन कुमार देवांगन संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में खुशवंत देवांगन 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रेणु साहू 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं अंशु आनंद 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार व सभी शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

#### वसुंधरा और खुशवंत ने बढ़ाया मान

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में 17 दाऊचौरा निवासी मेधावी छात्र खुशवंत देवांगन ने 96.4 अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। केंद्रीय विद्यालय के छात्र और प्रारंभ से होनहार बच्चों की सूची में शामिल खुशवंत ने गणित विषय में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष रूप से सबका ध्यान खींचा है। वर्तमान में कोटा के मां भारतीय इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत हैं और जेईई की तैयारी कर रहे हैं। खुशवंत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व परिजनों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह संभव नहीं था। खुशवंत कांग्रेस नेता अधिवक्ता मनराखन देवांगन और प्रधान पाठिका स्नेहा देवांगन के सुपुत्र हैं। वही बारहवीं वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत दाऊचौरा निवासी वसुंधरा सिंह ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। सहायक शिक्षक एलबी विक्रम सिंह ठाकुर की सुपुत्री वसुंधरा ने अपनी सफलता को श्रेय माता पिता व गुरूजनो को दिया है।

### हितग्राहियों ने नए मकान में किया गृह प्रवेश

# बंटी खुशियों की चाबियां, 943 हितग्राहियों को मिला पक्के मकान का आशियाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 943 हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित पक्के घरों की चाबियां और पूर्णता प्रमाण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने अपने नए आशियाने में गृह प्रवेश किया और अपने सपनों के साकार होने की खुशी साझा की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक सहित जिला एवं जनपद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### शीघ्रता से करें निर्माण

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, कलेक्टर तूलिका प्रजापति एवं जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शेष पात्र हितग्राही जल्द से जल्द अपने घर में प्रवेश कर सकें। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर हितग्राहियों ने कहा कि उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने पर हितग्राहियों के आंखे खुशियों से भर आई। हितग्राहियों ने कहा किअब उन्हें बिना किसी परेशानी के सर्व सुविधा युक्त मकान में रहने की सौगात मिली है। इसके लिए हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है।

## समाधान शिविर का आयोजन आज

**पटेवा।** ग्राम पंचायत सलोनी (खैरागढ़) में कल 16 मई को छ ग. शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन रानी रश्मि देवी खेल मैदान में की जा रही है। जिसमें सलोनी कलस्टर अंतर्गत 18 ग्राम पंचायत शामिल है।

इस शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री, छग शासन के मंत्री उपस्थित होंगे। साथ ही जिला, जनपद एवं पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयोजन की तैयारी विभागीय अधिकारियों के निर्देशानुसार पूर्ण कर ली गई है।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहकर आवश्यकताओं एवं समस्याओं का समाधान करेंगे। उक्त जानकरी सौरभ कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी ने दी है।

## कलात्मक शिविर का आज समापन, बच्चों को प्रतिभा निखारने का मिला बेहतर अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.डॉ. लवली शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर में 254 बच्चें विभिन्न कलाओं की शिक्षा ले रहे हैं। दस दिवसीय शिविर के आज अंतिम दिन नृत्य, संगीत, अवनद्ध वाद्य, चित्रकला व माटीकला की शिक्षा ले रहे नन्हें बच्चों को बारीकी से विभिन्न कलाओं को करीब से जानने समझाने का अवसर मिला जिसके चलते उनके चेहरों में खुशी की लहर दिख रही है।

विवि के शिक्षकों द्वारा उन्हें बेहतर शिक्षा देने से उनकी कला के प्रति रुचि और बढ़ी और अपनी प्रतिभा निखारने बच्चें रोजाना शिविर में समय से पूर्व उपस्थित भी हो रहे थे।

बच्चों के साथ पालकों में भी शिविर को लेकर उत्साह देखने को मिला और सभी ने इस आयोजन को लेकर विवि प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। शिविर का समापन आज शाम 4 बजे विवि के कैंपस 2 प्रेक्षागृह में होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो.डॉ. लवली शर्मा उपस्थित होंगी। मुख्य अतिथि द्वारा आशीर्वचन बाद संगीत कला के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा सांगीतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में शिविर हेतु पंजीकृत छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा वही शिविर में प्रतिदिन उपस्थित होने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समापन अवसर पर दृश्यकला के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन होगा।

## सार समाचार

### जटिल रोग से ग्रसित मजदूर को 3 लाख की मदद



**राजनांदगांव।** जटिल रोग से ग्रसित मजदूर को 3 लाख रुपए की मदद दी गई। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत कारखाना उद्योगों तथा 10 और 10 से अधिक कर्मचारियों के नियोजन वाले समस्त संस्थानों में कार्यरत मजदूरों के लिए लगभग 33 कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ प्रदेश के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है। इसी संदर्भ में पिछले दिनों रायपुर जिले के खरोरा विकासखंड के अंतर्गत जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम बिठिया में निवासरत श्रमिक प्रकाश टंडन को संसार की जटिल बीमारियों में शुमार सिलिकोसिस ने आ घेरा है, जब श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा को यह जानकारी लगी तो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते उक्त श्रमिक को सहायता प्रदान करने तत्काल उसका प्रकरण बनवाया और इस बीमारी की योजनांतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि तीन लाख रुपए धन राशि का चेक लेकर ग्राम बिठिया पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी, मंडल के कर्मचारी विवेक दुबे, किसरोद राउत उपस्थित रहे।

### रानीसागर में डूबने से वृद्ध की मौत

**राजनांदगांव।** शहर के रानीसागर तालाब में आज दोपहर एक वृद्ध डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची, शव को तालाब से बाहर निकलवाकर चिकित्सालय भेजा गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर को एक वृद्ध रानीसागर तालाब गया हुआ था, जो अचानक पानी में डूब गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को हुई, सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची एवं शव को तालाब से बाहर निकलवाकर चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्ति चिखली निवासी रानूलाल सोनी 80 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। इधर उक्त घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को हुई आसपास भीड़ एकत्र हो गई थी।

### रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ

**राजनांदगांव।** लालबहादुर नगर गोविंदपुर में आज से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ प्लाटिक बाल प्रतियोगिता ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए, द्वितीय 4001 रुपए, तृतीय 2501 रखा गया है। अध्यक्ष मंजू साहू, उपाध्याय अनिश यादव, कोषाध्यक्ष भुपेन पटेल, कप्तान ललित यादव, उपकप्तान संजू साहू, सचिव मोहित साहू एवं सदस्य राहुल, महेश, राजेश, नंदकुमार, कुंदन, सुमित, दिनेश, समीर, किस, राजा, लेविन, वासु, दिपांसु, डावेन, सुजल एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हैं।

### समाधान शिविर आज, कहीं भी पहुंच सकते हैं सीएम

**मोहला।** सुशासन तिहार के अंतर्गत 16 मई को जनपद पंचायत अंबागढ चौकी के ग्राम पंचायत कौड़ीकसा और जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत सीतागांव में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। अटकलें लगाया जा रहा है कि आज समाधान शिविर को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय किसी भी जगह अचानक रायपुर से पहुंच सकते हैं जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है मुख्यमंत्री का मानपुर सीतागांव तथा अंबागढ़ चौकी जिले के कौडीकसा मे पहुंचने की कोई भी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है परंतु अटकलें लगाया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सीतागांव पहुंच सकतें है। आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

### 2 मिनट लेट, नो एंट्री के बाद जान देने जा रही थी छात्रा

**मोहला।** आज मोहला में आयोजित पीएटी कि परीक्षा मे आधार कार्ड सब्मिट करने में 2 मिनट लेट हुए नाबालिग छात्रा को परीक्षा केंद्र में बैठने से नो एंट्री दिया गया जिसके बाद नाबालिग छात्रा अपने घर मे आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी जिसे परिजनों ने ले-देकर बचाया। अंबागढ़ चौकी नगर में निवासरत नाबालिक छात्रा के परिजनों ने छात्रा के आत्महत्या करने के प्रयास की घटना को लेकर बताया कि आज सुबह 9 बजें जिला मुख्यालय मोहला स्थित आत्मानंद स्कूल तथा स्वर्गीय श्याम शाह शासकीय कॉलेज में पीएटी परीक्षा आयोजित कि गई थी जिसमें सैकड़ों के तादात मे छात्र-छात्राएं परीक्षा देने जिला मुख्यालय मोहला पहुंचे हुए थे। पीएटी व्यापम की परीक्षा देने नगर की एक होनहार छात्रा भी अपने पिता के साथ पहुंची थी।

परिजनों ने बताया कि समय से पूर्व परीक्षा केंद्र कालेज पहुची छात्रा अपने पास प्रवेश पत्र रखी हुई थी परंतु आधार कार्ड वह घर मे भूल गई आधार के बिना उसे परीक्षा केंद्र में घुसने नहीं दिया गया पिता व छात्रा के द्वारा मोबाइल मे स्टोर आधार कार्ड को दिखाया गया परंतु कॉलेज प्रबंधन ने इसकी कॉपी की मांग की छात्रा के पिता जब आधार कार्ड की फोटो कॉपी कराकर कॉलेज पहुंचे तब तक 9:02 हो गया था जिसके चलते कॉलेज प्रबंधन ने नियमों का हवाला देकर छात्र को परीक्षा देने से रोक लगा दी जिसके बाद दुखी डिप्रेशन मे नाबालिक छात्रा ने घर पहुंचकर दोपहर को फांसी लगाने का प्रयास किया जिसे परिजनों ने किसी तरह से बचा लिया। मामला अंबागढ़ चौकी नगर से जुड़ी हुई है। व्यापम के नियमों के अनुसार हुआ है परीक्षा-इस संबंध में मोहला कॉलेज के प्राचार्य रूपलाल मंडावी ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापम के नियमों के अनुसार आइडेंटी की मुल प्रति के साथ ही परीक्षार्थियों को केंद्र में दाखिला दिया गया है जो लेकर नहीं आये थे वे परीक्षा देने से वंचित रहे।

## अविद्युतीकृत ग्रामों में बिजली पहुंचने की खुशी में ग्रामीणों ने फोड़े पटाखे

# आजादी के बाद पहली बार वनांचल क्षेत्र के 17 ग्रामों में पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के घोर नक्सल प्रभावित एवं अत्यंत सघन वनों से घिरे वनग्रामों कातुलझोरा, कट्टापार, बोदरा, बुकमरका, संबलपुर, गट्टेगहन, पुगदा, आमाकोड़ो, पीटेमेटा, टाटेकसा, कुंदलकाल, रायमनहोरा, नैनगुड़ा, मेटातोडके, कोहकाटोला, एडसमेटा एवं कुंजकन्हार में मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर विद्युतीकरण के कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा ग्राम टाटेकसा में स्थापित 25 केव्हीए के वितरण ट्रांसफार्मर को चार्ज कर किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साहू, अनिल रामटेके, सहायक अभियंता शिरीष मिलिंद सहित ग्राम के प्रमुख गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

इन ग्रामों में निवासरत 540 परिवारों का जीवन पारंपरिक बिजली की रोशनी से वंचित था। इनका जीवन सौर ऊर्जा से दी जा रही रोशनी के भरोसे कट रहा था। 15 साल पहले स्थापित की गई सौर ऊर्जा इकाई के अधिकतर सौर प्लेट बेहद जर्जर और खराब स्थिति में थे। वहीं बहुत सारे ग्रामों के सौर प्लेट चोरी हो चुके थे, एक तरह से यहां के ग्रामीण लालटेन व चिमनी के सहारे अपनी दिनचर्या व्यतीत कर रहे थे। इन ग्रामों के विद्युतीकरण का कार्य अत्यंत विषम परिस्थितियों का सामना करते कुशल विद्युत कर्मियों द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। मई 2025 के इस महीने में अत्यंत सघन वनों से घिरे वनग्रामों के लोगो ने पहली बार अपने गांव में पारंपरिक बिजली की रोशनी देखी। विद्युतीकरण का कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने खुशी में हर्षोल्लास के साथ पटाखे फोड़े। उक्त ग्रामों के विद्युतीकरण में कुल 45 किमी 11 केव्ही लाइन, 87 नग निम्नदाब पोल विस्तार एवं 17 नग 25 केव्हीए का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस विद्युतीकरण के कार्य में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, वन विभाग एवं विद्युत विभाग का सराहनीय योगदान रहा है।



### वन विभाग से लेना पड़ा एनओसी

राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि वनों से घिरे इन ग्रामों तक पहुंचने का मार्ग अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि सघन वन क्षेत्र स्थित होने के कारण इन ग्रामों में 11 केव्ही लाइनों को बिछाने वन विभाग से एनओसी लेना पड़ा। उसके बाद मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ की राशि की प्राक्कलन स्वीकृत कर सघन वनों के बीच से विषम परिस्थितियों में लाईन खींचकर विद्युतीकरण का कार्य किया गया है।

### शेष परिवारों को शीघ्र मिलेगा कनेक्शन

उल्लेखनीय है कि इन अविद्युतीकृत 17 ग्रामों के लोगों के अंधेरे जीवन में रोशनी फैलाने कठिन पहुंच मार्ग एवं घने वनों के बीच से अत्यंत असुविधाजनक स्थिति में भी लाइन विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर एक ऐतिहासिक कार्य किया गया है। घने वनों के बीच बसे ग्राम कातुलझोरा, कट्टापार, बोदरा, बुकमरका, संबलपुर, गट्टेगहन, पुगदा, आमाकोड़ो, पीटेमेटा, टाटेकसा, कुंदलकाल, रायमनहोरा, नैनगुड़ा, मेटातोडके, कोहकाटोला, एडसमेटा एवं कुंजकन्हार में कुल 540 परिवार निवासरत हैं। जिसमें 275 परिवारों को कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। वहीं शेष परिवारों को विद्युत कनेक्शन प्रदान करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

## 8वीं आर्थिक गणना कार्य संपन्न कराने समिति गठित

- जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सदस्य सचिव बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य एवं जिलों में 8वीं आर्थिक गणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 8वीं आर्थिक गणना का कार्य सम्पादित करने जिला स्तर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया गया है।

इसके साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र वाणिज्य विभाग, सहायक संचालक ग्रामोद्योग विभाग, जिला श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जनसंपर्क अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय एनएसएसओ दुर्ग, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य तथा जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी सदस्य सचिव है।

# औंधी में शराब कोचियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- 3 जगहों पर मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ाए आरोपी

धीरे-धीरे असामाजिक गतिविधियों का गढ़ बनते जा रहे औंधी मुख्यालय को लेकर एसपी वाईपी सिंह के सख्त निर्देश के बाद अवैध शराब कारोबारों के खिलाफ जागते हुए थाना औंधी ने क्षेत्रांतर्गत 3 अलग-अलग जगहों पर रेड कार्रवाई करते मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब को जब्त करते आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सजीत साना पिता रंजीत साना 43 साल साकिन बोडेगांव, गंगसाय हलामे पिता सदरूराम हलामे 35 साल निवासी मेढाखुर्द, कृष्णा स्वामी बंडीवार पिता मलेश्याम बंडीवार 25 साल साकिन मेढाखुर्द थाना औंधी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी के घर से अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब बरामद किया गया है। तीनों आरोपी के कब्जे से मध्यप्रदेश निर्मित पौवा अंग्रेजी शराब मिलने के साथ ही आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### सख्त हुए एसपी

पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंग ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिलांतर्गत अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध लगातार वैधानिक कार्रवाई करते रहे। अवैध गांजा, शराब, नशीली पदार्थ, जुआ सट्टा, पशु तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करें अन्यथा उनके ऊपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### असामाजिक गतिविधियां तेज

चिल्हाटी थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जमकर वसूली के आरोपों में पुलिस प्रशासन की बेहद किरकिरी होने के बाद औंधी थाना क्षेत्र में एसपी के सख्त निर्देश पर कार्रवाई के लिए थाना ने एक कदम आगे बढ़ाया है। वहीं बताया गया कि औंधी क्षेत्र धीरे-धीरे असामाजिक गतिविधियों का गढ़ बनते जा रहा है। यहां बाहरी लोग बेहद पैमाने पर शराब, गांजा से लेकर अन्य अवैध कारोबार को थाना के संरक्षण में अंजाम दे रहे हैं। जिनके ऊपर अब सख्त कार्रवाई के निर्देश मिले हैं।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गोटाटोला के मर्ग क्र. 12/25 धारा 194 बीएनएसएस के जांच क्रम में सम्पूर्ण मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक सुदर्शन कोमरे पिता स्व. मंगयाराम 35 साल निवासी ग्राम जरंगाटोला का प्रेम संबंध गांव के ही रहने वाले गंगाराम कोमरे पिता भगत सिंह 39 साल निवासी जरंगाटोला की पत्नी के साथ था, जो अक्सर लुक छिपकर मिला जुला करता था, जिस बात को लेकर दोनों के मध्य पूर्व में भी कई बार विवाद, झगड़ा-लड़ाई हुआ था।



### टंगिया से किया हमला

9 मई को रात्रि करीबन 10 बजे सुदर्शन कोमरे गंगाराम के घर पर उसकी पत्नी से मिलने गया था। जिसकी जानकारी आरोपी को हो गई और वह घर जाकर दोनों को मिलते रंगे हाथ पकड़ लिया। उसी बात को लेकर दोनों के बीच में कहा-सुनी हुई और झगड़ा हो गया। झगड़ा ज्यादा होने से आरोपी गंगाराम ने अपने पास रखे टंगिया से सुदर्शन के बाएं पैर पर प्राणघातक हमला किया। जिससे उसको गंभीर चोंट आई, जिसे उपचार के लिए शहीद अस्पताल दल्लीराजहरा ले जाने के दौरान मृत्यु हो गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

मर्ग जांच में आरोपी गंगाराम के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी गंगाराम को ग्राम जरंगाटोला से पकड़कर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना व अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने से विधिवत 12 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया।

# नवविवाहिता को किया आत्महत्या के लिए प्रेरित, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**घुमका।** शादीशुदा होते हुए भी एक पत्नी के रहते हुए दूसरी शादी कर नवविवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना घुमका में दर्ज धारा-108, 82(1)3 (5) बीएनएस के मुख्य आरोपी मनेन्द्रा वर्मा पिता बीरेलाल वर्मा 32 वर्ष निवासी कुंवारझोरकी थाना घुमका को प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने के तत्काल बाद त्वरित कार्रवाई करते 14 मई को पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शादीशुदा होते हुए दूसरी पत्नी बनाना, जिसे आरोपी द्वारा अपने परिजन की बातों में आकर अपने परिजन के साथ मिलकर प्रताड़ित करने से नवविवाहिता प्रताड़ित होकर जहर सेवन करने से इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्ग कोतवाली थाना में मर्ग कायम कर नंबरी मर्ग एवं जहां क्षेत्र प्राप्त होने पर नंबरी मार्ग पंजीबद्ध कर जांच दौरान नवविवाहिता के परिजन द्वारा प्रताड़ित करना सबूत पाए जाने पर अपराध धारा का अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना कार्रवाई करते मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



पृष्ठ 11 का शेष

### रिसॉर्ट में बर्थ-डे...

**पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ा-** इस मामले में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश के दौरान मुखबीर व तकनीकी सहयोग से आरोपी भीषम ठाकुर उर्फ बब्लू, चंद्रेश उर्फ चंदन, भवानी उर्फ माईकल, प्रवीण यादव, मुकेश ठाकुर, विकास उर्फ विक्की, विनय यादव, कनक ठाकुर, कुंजलाल उर्फ कुंजु ठाकुर सभी ग्राम भेंडरवानी को हिरासत में लेकर विधिवत कार्रवाई किया गया तथा आरोपियों को प्रतिबंधित करने धारा 170/126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय एसडीएम न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना सोमनी प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, हेमंत अनंत एवं आरक्षक शहबाज सिद्दीकी, गुलाब सिंह चंद्राकर, दुर्योधन कोलियारे व थाना सोमनी स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

# अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी से 20 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। जिसके पास से 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों/ तस्करों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 15 मई को पुलिस को करमजीत सिंग भाटिया नामक व्यक्ति शेरे पंजाब होटल के पींछे अवैध शराब रखकर ब्रिक्री कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई किया, जहां पुलिस को आता देख व्यक्ति अपने पास रखे एक काले रंग का थैले को लेकर भागने का प्रयास कर रहा था।



### घेराबंदी कर पकड़ा

जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे नाम पूछने पर अपना नाम कमरजीत सिंह भाटिया 39 साल साकिन खण्डुपारा बताया। आरोपी के पास रखे काले थैले में 20 पौवा गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 2400 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध 34(1) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# 10वीं में दिव्यांश रंगारी व 12वीं से प्रेक्षा लोहिया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं



के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा में कक्षा 10वीं के 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 41 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 32 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में शाला के दिव्यांश रंगारी 97.2 प्रतिशत, मयंक देवांगन 94 प्रतिशत, संस्कार राज वैष्णव 93.4 प्रतिशत, अंतरा सिंग विनोद 93.2 प्रतिशत, अभ्युदय पाण्डेय 91.8 प्रतिशत, वंश चंदवानी 91.2 प्रतिशत, श्रृष्टि डहरिया 91.2 प्रतिशत, प्रज्ञा जैन 90.6 प्रतिशत एवं कुशाग्र साहू 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

कक्षा 12वीं में शाला के मैथ्स, बायोलॉजी तथा कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। इस परीक्षा में कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय से 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 26 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बायोलॉजी संकाय से 2 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 9 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। मैथ्स संकाय से 1 विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 3 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत एवं 4 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं के कॉमर्स संकाय से प्रेक्षा लोहिया 93 प्रतिशत, जान्हवी जैन 92.8 प्रतिशत, वीणा पंजवानी 91 प्रतिशत, मिताली साहू 90.8 प्रतिशत, प्रगति खंडेलवाल 87.2 प्रतिशत, आश्का टाटिया 86.8 प्रतिशत, प्रणीत सिंह बग्गा 86.8 प्रतिशत, अंजलि चोपड़ा 85.2 प्रतिशत, प्रशंसा लोहिया 84.6 प्रतिशत, वैभव चितलांग्या 84 प्रतिशत, मोहन वत्यानी एवं लवली तेजवानी 83.8 प्रतिशत, निहारिका साहू 82.8 प्रतिशत एवं मेघा सप्पल 82.2 प्रतिशत तथा बायोलॉजी संकाय से आगम जैन 82.8 प्रतिशत, अनीशा झा 81.4 प्रतिशत तथा मैथ्स संकाय से काव्या चंद्राकर 90.4 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र गजभिये 82.2 प्रतिशत, रिधिमा सिंह 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा परिणाम की सफलता के लिए शाला के संचालक नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान एवं शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### आयुष ने पाया 76.4 प्रतिशत अंक



नीरज वाजपेई इंटरनेशनल स्कूल के 10वीं की सीबीएसई परीक्षा में 76.4 प्रतिशत अंक पाकर सफल रहे लेबर कॉलोनी निवासी सपना जितेंद्र सिंह राजपूत के पुत्र आयुष सिंह शुरू से मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी सफलता पर दादा जयनारायण सिंह ने खुशी जाहिर की है।

### आदित्य सीबीएसई 12वीं में 89 प्रतिशत से उत्तीर्ण



जेएलएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल सीबीएसई गणित विषय के छात्र तथा साहू समाज कन्हारपुरी के वरिष्ठ प्रेमलाल साहू का पोता आदित्य कुमार साहू पिता स्व. सूदन साहू, माता श्रीमती डुमेश्वरी साहू 12वीं की परीक्षा 89 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण हुआ।

आदित्य जिला साहू संघ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष एवं एलआईसी अभिकर्ता अंजू साहू के भतीजे है। उनकी सफलता पर परिवार व समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में परिवारजनों सहित ऐश्वर्या साहू, पूर्वी साहू, धार्मिक साहू, मनीष साहू, तुषार साहू, विवेक साहू, मुस्कान साहू, चित्राक्ष साहू सहित अन्य लोग शामिल हैं।

### भूमिका ने अर्जित किए 88 प्रतिशत अंक



**डोंगरगढ़।** एसटी पीटर्स कांवेंट स्कूल डोंगरगढ़ की छात्रा भूमिका जोशी ने सीबीएससी 10 में 88 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की है।

उनके बड़े भाई मोहित जोशी ने 12वीं में 62 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है। भूमिका जोशी फरहद निवासी रोशनलाल जोशी एवं माता श्रीमती संतोषी जोशी की सुपुत्री है। रोशनलाल जोशी शासकीय कन्या हाईस्कूल लाल बहादुर नगर में अंग्रेजी व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। उनकी इस उपलब्धि पर इष्टजनों, परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी है।



## खबर संक्षेप

### आंधी बारिश के चलते बबूल का पेड़ गिरा केबल तार पर



**बरबसपुर।** आंधी तूफान के चलते बबुल के पेड़ केबल तार पर गिरा बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए बिजली विभाग द्वारा सुधार एवं मरम्मत की जरूरत है
जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बरबसपुर जहां हाई स्कूल जाने वाले मार्ग पर व गांव की गलियों कि केबल तार आंधी तूफान के चलते केबल तार के ऊपर बबुल का पेड़ गिर चुका है जिनके कारण से बड़ी हादसा दुर्घटना होने की संभावना बना हुआ है लेकिन एक सप्ताह हो जाने के बाद भी अभी तक बिजली विभाग द्वारा मरम्मत एवं सुधार नहीं किया गया है केबल तार जमीन पर लटक रहे हैं, कभी भी अनजान व्यक्ति बिजली के हवाले हो सकते हैं, यदि केबल तार को सुधार कर दिया जाए तो हादसा दुर्घटना से बचा जा सकता है।

### बरसों पुरानी मांग रजिस्ट्री के साथ प्रमाणीकरण की सुविधा आम जनता को दिया जा रहा

**कुण्डा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हम दस्तावेज लेखको की बरसों पुरानी मांग रजिस्ट्री के साथ प्रमाणीकरण की सुविधा आम जनता को दिया जा रहा है, जिसके लिए हमारा संघ मुख्यमंत्री को और राजस्व मंत्री को तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी को दिल से साधुवाद देते हैं। और उनसे निवेदन करते हैं कि वे हम दस्तावेज लेखको और स्टांप वेण्डरों की आजीविका को भी जीवित रखने की कृपा करें, ताकि सबका साथ सबका विकास का जो नारा इस सरकार का है उसका लाभ जनता के साथ दस्तावेज लेखक एवं स्टॉम्प विक्रेता को मिलता रहे।

### समाधान शिविर में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से किया गया लाभान्वित



**कवर्धा।** राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत चलाए जा रहे समाधान शिविर आज जनता और प्रशासन के बीच संवाद और विश्वास का मजबूत सेतु बन चुका हैं। ग्रामीण हो या शहरी इलाका, हर स्थान पर लगाए जा रहे इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को सुनने और सुलझाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लगाए जा रहे इन समाधान शिविरों में विभागीय अधिकारी न केवल आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से शासन की योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों तक पहुंच रही है। इससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोड़ला जिला-कबीरधाम छ.ग.**

**सूचना**

क्रमांक /19/रा.नि.मं. / 2025
बोड़ला दिनांक 15/05/2025

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवप्रसाद पिता दियाली जाति मरार निवासी , खैरबनाखुर्द तहसील बोड़ला के ग्राम खैरबनाखुर्द प.ह.नं. 26 तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 38/13 रकबा 0.045 हे. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बोड़ला जिला कबीरधाम से ज्ञापन क्रमांक/393/तह./प्रवा./2025 बोड़ला दिनांक 05/05/2025 प्राप्त हुआ है जिसके परिपालन में सीमांकन हेतु दिनांक 28/05/2025 को नियत किया गया है उक्त सीमांकन में हित रखने वाले व्यक्ति, संस्था, समुदाय व अन्य कोई अपने भूमि से संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ नियत दिनांक को उपस्थित हो सकते है।

राजस्व निरीक्षक बोड़ला
जिला-कबीरधाम

नगर पालिका एवं जनपद पंचायत पंडरिया व नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

# पालिका व पंचायत की बैठक में भावना बोहरा ने की विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार नगर पालिका एवं पंचायत स्तर पर हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जा रही है। विधायक कार्यालय पंडरिया में विधायक भावना बोहरा ने नगर पालिका पंडरिया एवं जनपद पंचायत पंडरिया तथा नगर पंचायत पांडातराई की संयुक्त समीक्षा बैठक विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। वही समीक्षा बैठक में विधायक भावना बोहरा ने नगर में अवैध रूप से अतिक्रमण एवं जमीन पर किये गए कब्जों को प्राथमिकता से हटाए जाने, हरिनाला पुल निर्माण और सड़क निर्माण कार्य की प्रगति और उसमें तेजी लाने, अटल चौक निर्माण कार्य, बाईपास निर्माण तथा नगर व जनपद पंचायत अंतर्गत हो रहे सभी सड़कों के निर्माण कार्य की प्रगति व वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही नए सब्जी मंडी में विस्थापना, जनपद पंचायत मद के अंतर्गत जमीन, शहर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, तालाबों का गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण, गांधी चौक स्थित ट्रांसफर्मर के विस्थापना के संबंध में चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गर्मी को देखते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति के प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का भी जायजा लिया एवं जनता को बिजली व पानी को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या न हो इसलिए व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की बात अधिकारियों को कही है।

वहीं नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत धरसा में हुए अतिक्रमण को हटाने, पानी टंकी निर्माण कार्य की जांच करने, विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति और पेयजल एवं बिजली आपूर्ति, नगर के प्रमुख चौक-चौराहों के सौन्दर्यीकरण, तालाबों के गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण जैसे विभिन्न और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति से अवगत हुईं। वही कार्यक्रम के दौरान बैठक में नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू, उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी, सभी वार्ड के पार्षद, जनपद सदस्य, एवं सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### पंडरिया को आदर्श नगर बनाने प्रतिबद्धः भावना बोहरा



विधायक भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया नगर को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं, लगभग डेढ़ वर्षों में पंडरिया नगर के लिए लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है। वर्षों से नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल निर्माण के लिए 76 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। डबल इंजन भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया नगर को विकसित एवं समृद्ध बनाने के लिए लगातार अधोसंरचना निर्माण, सड़कों का निर्माण, सड़क, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। अधोसंरचना मद के तहत पंडरिया नगर में कुल 3 करोड़ 14 लाख रुपए से अधिक के कार्यों को स्वीकृति मिली है, बजट 2025-26 में 16 करोड़ 63 लाख रुपए के विकास कार्यों को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान की है।

### करोड़ों के विकास कार्यो की मिली स्वीकृति

इसके साथ ही प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पंचायत पांडातराई में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण हेतु 21 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और कार्य प्रगति पर हैं। नगर वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पांडातराई बायपास के लिए 8 करोड़ रुपए, पांडातराई नगर से फास्टरपुर मार्ग के निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपए, पोंड़ी-पांडातराई-पंडरिया मार्ग में एनएच 130 ए हॉफ नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। हमारा प्रयास है लगातार इन सभी विकास कार्यों की समीक्षा की जाए जिससे सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनता के समक्ष भी रहें और उन्हें निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी भी मिलती रहे। हमारा उद्देश्य हमारे पंडरिया विधानसभा को विकसित, सर्वसुविधायुक्त बनाना है ताकि जनता को इसका लाभ मिल सकें और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले।

## समाधान शिविर में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के तहत कवर्धा विकासखंड के ग्राम भागुटोला में 14 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष ईवश्वरी साहू, विजय पाटिल, लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, खिलेश्वर साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। समाधान शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के तैल्यचित्र में पूजा-अर्चना दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को नई दिशा मिल रही है। शासन की मंशा है कि योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इसी सोच के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शिविर केवल समस्या समाधान का मंच नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई कड़ी भी है। हमारी प्राथमिकता है कि आमजन को योजनाओं की जानकारी भी मिले और वे उनका लाभ भी उठाएं। राज्य सरकार हर वर्ग गरीब, किसान, महिला, युवा और बुजुर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन सीधे जनता के द्वार पहुँच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा स्वयं शिविरों में उपस्थित होकर आम जनता से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर रहे हैं। शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए ऐसे शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों की नहीं बुझ पा रही है प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला जहां पर नल जल मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए के लागत से पानी टंकी बनाया गया है शासन के द्वारा लेकिन आज बताना लाजिमी है कि कई घरों तक पानी सप्लायर नहीं हो रहा है नल जल के तहत बनाए गए पानी टंकी से एक-एक बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है स्कूल पारा मोहतरा कला के ग्रामीणों को इधर-उधर हाथ पैर मार कर पानी व्यवस्था करना पड़ रहा है नदी नाला भी सूख गया है अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द मोहतरा कला के स्कूल पारा मोहल्ला वासियों के लिए पानी की व्यवस्था किया जाए वही हैंड पंप नहीं होने के कारण एवं दो दो पानी टंकी बनने के बाद भी आज स्कूल पारा मोहल्ला वासियों को पानी सप्लायर नहीं हो रहा पानी का किल्लत रही है मोहल्ला वासियों का प्यास नहीं बुझा पा रहा है पानी टंकी ग्रामवासी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एक-एक बूंद के लिए मोहल्ला वासी तरस रहे हैं शासन द्वारा लाखों रुपए की लागत से विशाल पानी टंकी बनाया गया है लेकिन कुछ गांव के मोहल्ला तक ही सीमित है पूरा गांव को नल जल मिशन के द्वारा बनाए गए पानी टंकी से पानी नहीं मिल पा रहा है उसके बाद घर-घर में शुद्ध जल मिलेगा कहकर शासन द्वारा नई योजना के साथ पाइप लाइन डाल कर घर-घर में टंकी दिया गया वह भी किसी काम का नहीं है सिर्फ सो पीस है, आज ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है बताना लाजिमी है कि यहां पानी टंकी बनाया गया है और चालू भी है लेकिन पूरा गांव को सप्लायर नहीं कर पा रहा है जिसमें स्कूल पारा मोहल्ला वासियों को पानी की भारी परेशानी हो रहा है, अतः शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि पानी टंकी के माध्यम से पाइपलाइन बिछाया गया है उसको सुधार किया जाए और पानी की व्यवस्था किया जाए नल जल मिशन का लाभ दिया जाए ताकि ग्रामीणों को मोहल्ला वासियों को पानी के लिए परेशानी ना हो।

## कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 2025 का 16 मई से किया जाएगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के द्वारा कवर्धा बेसबॉल प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन दिनांक 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता अयोजित किया जा रहा है जिसमे शार्क, बुल्स, पैंथर्स और ईगल्स बेसबॉल ये चार टीमों के बीच मैच कुल 10 मैच खेला जायेगा इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों के साथ साथ रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा और मुंगेली जिले से कुल 15 खिलाड़ी सम्मिलित हो रहे है जिसमें सात खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुके है, अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि यह हमारा लगातार पांचवा सीजन है जिसमे चार टीमों के बीच मैच कराया जाता है इस प्रतियोगिता का लक्ष्य आने वाले राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओ के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना जिससे वह अच्छा प्रदर्शन कर सके इस टूर्नामेंट में लीग के कुल 6 मैच होंगे जो 3 इनिंग का होगा जिसमें टॉप दो टीमों के बीच पहला क्वालीफायर मुकाबला खेला जायेगा जितने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल प्रवेश करेगा वहीं दो लूजर टीमों के बीच एलिमिनेटर राउंड खेला जाएगा जिसमें से विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर मैच में जगह मिलेगा और वह पहले क्वालीफायर के लूजर के साथ मुकाबला खेलेगा जितने वाली टीम सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश करेगा और टॉप दो टीमों के बीच 5 इनिंग का मैच खेला जायेगा जिसमें से विजेता टीम इस लीग टूर्नामेंट का चैंपियन बनेगा। एमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष ने बताया कि कवर्धा बेसबॉल संघ के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार ऐसे आयोजन कराया जा रहा है जिससे बेसबॉल के खिलाड़ियों का मनोबल बना रहे और खेल के प्रति उनका रुझान जुड़ा रहे बेसबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम ने सभी वर्गों में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे है और प्रदेश व जिले का नाम रौशन कर रहे है वहीं हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की दो बेटियों ने बेसबॉल वूमेंस एशिया कप में सिल्वर मेडल लगाकर देश व प्रदेश का नाम रौशन किए है, वही प्रतियोगिता हेतु नगर के प्रतिष्ठित संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, स्नेहा हॉस्पिटल, मुकेश स्पोर्ट्स, कलेश्वर फोटोग्राफी, रितेश लाइट, चकोर स्पोर्ट्स द्वारा स्पॉन्सर किया गया है जिससे यह आयोजन सफल हो सके।



### खेला जाएगा पहला मैच

16 मई को सुबह 7 बजे से मैच प्रारंभ हो जाएगा जिसमें पहला मकुबला शार्क बेसबॉल विरुद्ध ईगल्स बेसबॉल के बीच खेला जाएगा वहीं इसका उद्घाटन समारोह शाम 6 बजे होगा जिसके मुख्यातिथि जिलापंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, सुश्री मिताली घोष होंगे जिनके द्वारा इस प्रतियोगी का शुभारंभ किया जाएगा।

## भारतमाता चौक पर मदर्स डे समारोह का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारत माता चौक, कवर्धा में मदर्स डे के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसका आयोजन दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभा दुबे अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यक और विद्यालय के निदेशक आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल एवं विद्यालय के प्राचार्या ग्रेसिया फीग्रेड द्वारा भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण और आरती के साथ हुई। इस शुभारंभ ने कार्यक्रम को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। इसके पश्चात टैलेंट शो टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार प्रदर्शन हुए, जिनमें बच्चों और युवाओं ने अपनी विविध प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुति जैसे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशेष रूप से मातृत्व को समर्पित नृत्य नाटिका ने दर्शकों के बीच भावनात्मक माहौल उत्पन्न कर दिया।विशिष्ट अतिथि डॉ. दूबे ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा माँ केवल एक शब्द नहीं, बल्कि वह भावना है जो हमारे जीवन को प्रेम, त्याग, और समर्पण से भर देती है। उन्होंने माताओं के अथाह प्रेम और उनके समाज में योगदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक ने भी अपने संबोधन में कहा, मातृत्व ही वह नींव है जिस पर एक मजबूत और संवेदनशील समाज का निर्माण होता है। हमें अपनी माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके योगदान का सदैव सम्मानित करना चाहिए।

पांडातराई नगर पंचायत के पार्षद व पदाधिकारियों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

## शहर व ग्रामीण इलाकों में हो रही अघोषित विद्युत कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने पांडातराई शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर पांडातराई नगर पंचायत के पार्षद व पदाधिकारियों के साथ मिलकर ज्ञापन दिया। वही ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि विगत कई दिनों क्षेत्र की जनता बिजली की समस्या से परेशान और आज भी जब ज्ञापन देने गए तो अधिकारी नदारद थे, उनकी उपस्थिति में विभाग के कर्मचारी को ज्ञापन दिया गया, जिसमें विद्युत विभाग को 7 दिनों के अंदर बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या को ठीक करने के लिए कहा गया और समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। ज्ञापन देते समय वरिष्ठ कांग्रेसी शिव गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान, अमन पाटस्कर, त्रिलोकचंद निर्मलकर, पार्षद प्रदीप जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि डिंडोर बंजारे, झाड़ीराम, अनिमेष गुप्ता, मुकेश पटेल, दिलीप देवांगन, जतीन पटेल, आबिद खान,जलेश चंद्रवंशी, सुशील साहू, प्रकाश यादव, कोमल साहू, मनोज कुंभकार सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5 साल बाद भी नहीं सुधरी गांव की गलियों की तस्वीर, अब ग्रामीणों को भाजपा सरकार से उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा स्थित है यहां के लोग बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं जानकारी के अनुसार गांव की गलियां कीचड़ से लथपथ हो चुके हैं, घरों की गंदा पानी 24 घंटे बीच गलियों में बह रहे हैं, जिनके कारण से लोगों को आना-जाना मुश्किल हो चुके हैं और मच्छर भी पनप चुके हैं, लोगों के सेहत पर खतरा बना हुआ है वही गांव की तस्वीर खंडहर जैसा बना हुआ है साफ-सफाई का अभाव है स्वच्छता अभियान का अता-पता भी नहीं है ऐसे में लोगों को कई तरह की बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं गांव में सीसी नाली का जरुरत है ताकि लोगों को बुनियादी सुविधा से राहत मिल सके। वर्तमान में पंचायती राज का चुनाव भी हो चुके हैं नई नई पंच सरपंच जनपद सदस्य और जिला सदस्य भी बन चुके हैं जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य होता है कि जनता की सेवा करें लेकिन चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बनने के लिए चुनाव के समय जोर-शोर से प्रचार-प्रसार युद्ध स्तर पर भी किया गया। और सभी जनप्रतिनिधि ने जनता से अपील की गई मुझे वोट दो मुझे जिताओ मै गांव का विकास करूंगा गांव का तस्वीर बदल दूंगा ये वादे सभी जनप्रतिनिधियों ने की गई लेकिन आज लोगों को बुनियादी समस्या ज्यों का त्यों बना हुआ है लोगों को बुनियादी समस्या से जूझना पड़ रहा है अब जनप्रतिनिधियों अपने वादे को भूल गए हैं। गांव की ओर पलट कर ध्यान नहीं दे रहे हैं , ऐसे में जनता फिर दोबारा आप को जनप्रतिनिधि कैसे चुन पाएंगे।

**समस्या:** आए दिन लगने वाले जाम से वाहन चालक व यात्री हलाकान

# बढ़ते यातायात के दबाव के कारण बौना साबित होने लगा चिल्फी नेशनल हाईवे-30

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

जिले से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते अब बौना साबित होते जा रहा है। आलम ये है कि यातायात के लिहाज से बेहद उपयोगी और संवेदनशील इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे में बढ़ते यातायात के बीच आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

जिसका सीधा खामियाजा आम यात्रियों के साफ क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग में गुरूवार को भी चिल्फी घाटी क्षेत्र में एक ट्रेलर वाहन के खराब हो जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसे चिल्फी पुलिस की मुस्तैदी ही कहें की उसने जाम लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जल्द ही जाम को खुलवा दिया। लेकिन यहां बताना लाजिमी होगा कि पुलिस की मुस्तैदी और सक्रियता के बाद भी ऐसा हर बार संभव नहीं हो पाता।

विशेषकर जब रात के समय चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत घाटी में जाम की स्थिति निर्मित होती है तो यात्रियों और वाहन चालकों के साथ पुलिस प्रशासन के भी पसीने छूट जाते हैं। कई-कई बार तो यहां ऐसा भी देखने को मिलता है कि मार्ग में कई-कई किलो मीटर का लंबा जाम लगा होता है और वाहनो की लम्बी कतारें दोनो और लगी रहती हैं। ऐसे हालातों में घंटों की मसक्कत के बाद भी पुलिस वहां तक नहीं पहुंच पाती जहां जाम का कारण मौजूद होता है। लम्बे समय से चिल्फीघाटी में लगने वाले जाम की समस्या से जूझ रहे स्थानीय और दूसरे लोगों का कहना है कि वास्तव में अब चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते बौना साबित होने लगा है। खासकर जबसे इस मार्ग के दोनो और नालियों का निर्माण कराया गया है मार्ग और भी सकरा हो गया है। लोगों का मानना है कि समय के साथ-साथ आज के दौर में आवागमन और ट्रांसपोर्टिंग के लिए जिस तरह के बड़े और आधुनिक वाहनो का उपयोग किया जा रहा है उस लिहाज से चिल्फीघाटी का मार्ग उपयुक्त नहीं है।

इस घाटी से गुजरने वाले मार्ग में दर्जनो मोड़ हैं और उसमें कई मोड़ तो ऐसे हैं जिनमें लम्बी कदकाठी के वाहनो को मोड़ना अच्छे-अच्छे बाजमार चालकों के बस की भी नहीं होती। ऐसे लम्बे-चौड़े वाहनो के ही नौसिखिया वाहन चालकों की लापरवाही और गलतियों की वजह से चिल्फीघाटी में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



### वैकल्पिक व्यवस्था पर हो विचार

लोगों ने अब शासन से लगातार गंभीर होते जा रही है समस्या पर विचार कर कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। क्योंकि लोगों का मानना है कि समय के साथ यह स्मस्या और भी ज्यादा गंभीर होते चले जाएगी। ऐसे में समय रहते इस समस्या के समाधान के विचार और जरूरी हो चुके है।

### कई-कई घंटे फंसे रहते हैं यात्री व वाहन

लोगों ने बताया कि चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में आए दिन लगने वाला जाम कई बार इतना लम्बा होता है कि वाहनो को निकलने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। कई बार तो यात्रियों को एक ही स्थान पर पूरी रात गुजारनी पड़ जाती है। ऐसे हालातों में यात्रियों का घाटी के बीच जंगल में क्या हाल होता होगा इसका अंदाजा वही लगा सकता है जिसने इस तरह की विषम परिस्थिति का सामना किया हो। लेकिन आज हालात ऐसे हो चुके हैं कि इस तरह की परेशानी और समस्या उस हर यात्री को भुगतनी पड़ रही है जो चिल्फीघाटी होते हुए यात्रा पर निकला है। उसे पता नहीं होता कि वह कब अपने मुकाम पर पहुंचेगा।

# अज्ञात आरोपियों ने पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में लगाई आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में दिन-ब-दिन बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और उस पर खस्ताहाल कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। ऐसे ही हौसले बुलंद असामाजिक तत्वों ने गुरूवार को जिले के पर्यटन स्थल छीरपानी डेम घूमने सपरिवार आए पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में आग लगाकर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को बोड़ला थाना अंतर्गत छीरपानी डेम में परिवार के साथ घुमने आए पर्यटकों के चार बाइक को अज्ञात बदमाशों ने आग के हवाले कर मौके से फरार हो गए। डेम घुमने के बाद जब पर्यटक वापस अपनी वाहन के पास पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। उनकी चारों मोटर सायकल आग में खाक हो चुकी थी। पीड़ित पर्यटकों ने इस घटना की जानकारी तत्काल डॉयल 112 को फोन पर दी। सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम जांच करें, साफ करें, ढके डेंगू को हराने के उपाय है, जिसका उद्देश्य समुदाय में डेंगू की रोकथाम और उससे बचाव के प्रति व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता और मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावशाली है इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। वहीं, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभागी डेंगू मच्छर के जीवन चक्र, फैलाव के स्रोत, और रोकथाम के उपायों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करेंगे। मॉडल प्रतियोगिता में 10 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

### जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम 19 मई को

**कवर्धा।** आईआईएफटी कोलकाता द्वारा कबीरधाम जिले में 19 मई 2025 सोमवार को एक दिवसीय निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला पर जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 05.45 बजे तक रायपुर रोड, कवर्धा स्थित हॉटल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्प, वस्त्र, अन्य विनिर्माण, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों में रुचि रखने वाले तकनीकी साक्षर संभावित उद्यमियों को निर्यात के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। इसमें उत्पादों एवं निर्यात संभावनाओं, निर्यात प्रक्रिया, विदेशी बाजारों की पहचान, निर्यात दस्तावेजीकरण की प्रक्रियाओं और उनके नियामकों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। आईआईएफटी कोलकाता के विशेषज्ञों की टीम निर्यात से जुड़ी समस्याओं और विभिन्न मुद्दों का समाधान पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण करेगी।

### गर्मी से लोगों को बचाने लायंस क्लब ने बांटा मठा

**कवर्धा।** ग्रीष्म ऋतु के प्रकोप और बढ़ते तापमान के मद्देनजर आज 15 मई गुरूवार की सुबह लायंस क्लब ने दानी मेडिकल स्टोर नवीन बाजार के सामने स्वास्थ्यवर्धक ठंडा मठा और पक्षियों को जल पिलाने सकोरा का वितरण किया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद दुर्गेश अवस्थी और भाजपा युवा नेता श्रीकांत उपाध्याय भी शामिल हुए और उन्होंने अपने हाथों से मठा वितरण किया।

# कांग्रेस ने फूंका मध्यप्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह का पुतला

कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान, देश की सेना का अपमानः होरीराम




- कांग्रेस ने की बर्खास्तगी व मंत्री के गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में मंत्री कुंवर विजय शाह का जिला मुख्यालय कवर्धा स्थिति कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारे बाजी की।

इस दौरान उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के असंस्कारी कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक और विवादित टिप्पणी कर भाजपा का चाल और चरित्र उजागर कर दिया है। भाजपा के मंत्री श्री शाह की इस टिप्पणी के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे देश के जवानो के प्रति कौन कैसी सोच रखता है।

श्री साहू ने कहा कि हद तो यह है कि मध्यप्रदेश राज्य के एक कैबिनेट मंत्री द्वारा इस तरह से हमारे देश की सेना और देश को शर्मसार करने के बाद भी भाजपा सरकार और संगठन के द्वारा अभी तक इस मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान देश की सेना का अपमान है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होने कहा कि हमारी मांग है कि भाजपा में अगर तोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त कर उनके के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें तत्काल देशद्रोह के साथ संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि यदि भाजपा सरकार ने इस पर संज्ञान लेकर विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी।

उन्होंने कहा कि यह महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विंग के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कोलेगांव क्षेत्र में पॉवर कट से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई व्यवस्था के बीच बिजली की आंख मिचौली उपभोक्ताओं को हलाकान और परेशान कर रही है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, रूसे, भगतपुर, धनेली, बसनी, घोरपेंड्री, मोहतरा कला, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी, भटरूसे, पथरी, सोमनापुर, मोतेसरा सहित ऐसे कई गांव हैं जहां के उपभोक्ताओं को 24 घंटों में कुछ घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है, बाकी समय उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को न सिर्फ भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है बल्कि उनके कई घरेलू और व्यवसायिक तथा खेती किसानी के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की कामचलाऊ विद्युत व्यवस्था का आलम ये है कि दिन में कई-कई बार पॉवर कट हो रहा है। जरा सी हवा चली नहीं की बिजली गुल हो जाती है। समस्या ये है कि इस तरह के पॉवर कट के बाद बिजली कब वापस आएगी इसका कोई ठिकाना नहीं रहता। वहीं लाईन मैन तथा विद्युत कार्यालय से संपर्क करने पर एक तो फोन उठाया नहीं जाता और उठाया भी जाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। वहीं अगर रात के समय पॉवर कट हो गया तो फिर भगवान ही मालिक है। ग्रामीणों ने बताया विद्युत विभाग की इस खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के साथ मच्छरों के आतंक से लोग हलाकान और परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली के आभाव में पेयजल व्यवस्था, इन दिनो गांव-गांव में हो रहे शादी विवाह के कार्यक्रम तथा लोगों के विद्युत से जुड़े रोजी रोजगार के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं विद्युत व्यवस्था के चौपट होने से क्षेत्र के किसान भी अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने शासन, प्रशासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी से विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# डीपीएस में सीबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं के परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। हर बार की तरह इस बार भी डीपीएस स्कूल महाराजपुर के विद्यार्थियों ने इन दोनो ही परिक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा बारहवीं में विद्यालय की होनहार छात्रा मैमूना आलिया परवीन ने 91 प्रतिशत, गुलशन बानो ने 85 प्रतिशत, हिमांशु नायक ने 82 प्रतिशत अंत अर्जित किए हैं। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं में वंशिका चंद्रवंशी ने 89 प्रतिशित, पीयूष वर्मा ने 84 प्रतिशत तथा रागिनी महानंद ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के निदेशक शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं विजय गुप्ता, विद्यालय के प्रिंसिपल ग्रेसिया फिग्रेड और शिक्षकगणो ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।।

# मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है ग्राम गभोड़ा के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में सड़क, पानी, बिजली एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा में आज तक सड़क/रोड निर्माण नही हुआ है जिसके आभाव में ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होने बताया कि वर्षाकाल में ग्रामवासी स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी होती है तथा किसी व्यक्ति स्वास्थ्य खराब होता है तो 3 किलो मीटर पैदल व मरीज को खाट मे उठा कर ले जाना पड़ता है। इसी प्रकार गांव में आज तक बिजली सुविधा नही है जिससे ग्रामवासी मूलभूत सुविधा से आज भी वचिंत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे प्राथमिक स्कूल तो है लेकिन शिक्षक गांव में तीन-चार माह में एक बार ही आता है। गांव में पेयजल की भी गंभीर समस्या व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग की है।

20 मई से 22 मई तक तीन दिवसीय आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

# बोड़ला में सदगुरु कबीर संत समागम की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



नगर में 20 मई से 22 मई तक त्रिदिवसीय श्री सद गुरु कबीर संत समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है जिसे लेकर समस्त कबीरपंथ समाज के द्वारा बैठकों का दौर शुरू हो गया। कार्यक्रम व आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. रुपनाथ मानिकपुरी ने बताया कि श्री सद्गुरू कबीर साहिब व पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनी नाम साहिब व नवोदित वंशआचार्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनी नाम साहिब के सानिध्य में नगर पंचायत क्षेत्र बोड़ला में त्रिदिवसीय संत समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. भानु प्रताप साहब एवं माता सुलक्षणा देवी के कर कमलों से संत समागम समारोह सात्विक आनंदी चौका आरती आर्शीवचन प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि तैयारी को लेकर समस्त कबीर पंथ समाज परिक्षेत्र बोड़ला की इकाई के द्वारा लगातार कबीर कुटी में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने कार्ययोजना बनाई जा रही है। बैठक में आसपास के 40 से 50 गांव के समस्त कबीरपंथ समाज के लोगों के द्वारा कार्यक्रम की सफल तैयारी को लेकर चर्चा की जा रही है, समस्त कबीरपंथ समाज के लोगों के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिम्मेदारी भी तय की गईं। जिनमें नल जल, भोजन भंडारा, मंच व्यवस्था, शोभायात्रा, कलश यात्रा, पंडाल व्यवस्था, चौका आरती आदि की व्यवस्था के विषय में लोगों की जिम्मेदारी तय कर दिया गया है।

### नगर के पुराने स्कूल में होगा आयोजन

तीन दिवसीय संत समागम समारोह के लिए आयोजन समिति के द्वारा मौसम के उतार चड़ाव को देखते हुए नगर के बीचों-बीच स्थित थाना के पास पुराने शाला भवन के परिसर का चयन किया गया है। भोजन भंडारे की व्यवस्था नए मंगल भवन में किए जाने की जानकारी मिल रही है, इसके अलावा कवर्धा, पोंडी, पंडरिया, बिलासपुर की ओर से आने पर तहसील ऑफिस के पास, चिल्फी, मंडला की ओर से आने पर झंडा तिराहे पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

# कस्तूरबा विद्यालय बोड़ला में बालिकाओं को दिया गया विभिन्न प्रकार का व्यावसायिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोड़ला की छात्राओं को स्वरोजगारमुखी व्यवसाय के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए ग्रीष्मकालीन व्यवसायिक प्रशिक्षण 6 अप्रैल से 13 मई तक दिया गया। आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका ललिता तारा अनंत ने बताया कि आवासीय विद्यालय में सभी बालिकाओं को ग्रीष्मकालीन व्यवसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें में कपड़ों की कटाई एवं मशीन से सिलाई, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण में सभी प्रकार के मेकअप, पेंटिंग में वर्ली आर्ट, सिरेमिक पेंटिंग, फैब्रिक, मधुबनी पेंटिंग, आर्ट एवं क्रफ्ट प्रशिक्षण में फूल गुलदस्ते एवं अन्य सजावटी सामग्रीयां बनाना, पुराने कपड़े एवं बोरे से पैर दान बनाना कार्डबोर्ड से अन्य उपयोगी सामग्री बनाना और मिट्टी कला जिसमें बच्चों को मूर्ति,



मिट्टी के बर्तन, घड़े, पॉट बनाना, हर्बल साबुन व मोमबत्ती तथा आभूषण बनाने के साथ ही संगीत कला में गायन, वाद्य यंत्र वादन हारमोनियम, तबला, केशियो, कांगो, गिटार, बेंजो, ड्रम आदि वादन सिखाया गया। इसी प्रकार खेल प्रशिक्षण में खो-खो, कबड्डी, आत्मरक्षा के लिए कराटे और हॉकी का अभ्यास नित्य प्रतिदिन कराया गया। ये सभी प्रशिक्षण अलग-अलग विशेष प्रशिक्षकों के द्वारा दिया गया। इस व्यवसायिक प्रशिक्षण अवलोकन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर, खंड स्रोत समन्वयक राजेन्द्र सोनी, नायब तहसीलदार रितु श्रीवास्तव एवं सहायक विकासखंड अधिकारी हरिकृष्ण नायक व शेखर राजपूत के द्वारा आलोकन कर बालिकाओं द्वारा बनाए गए सभी सामग्री की सराहना की गई। प्रशिक्षक का अवलोकन करने पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि इस व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास के साथ आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी और वे अपने कैरियर में आजीविका के लिए स्वरोजगार प्राप्त कर एक बेहतर जीवन भी प्राप्त कर पाएंगे।